# दैनिक बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

एक विश्वास....

सिद्धार्थनगर
रविवार, 19 अप्रैल 2026
वर्ष: 13 अंक : 121 पृष्ठ: 8
आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

सम्पादक : राजेश शर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश 8795951917, 9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


**ऋचा चड्ढा ने फिल्मों की कास्टिंग पर उठाए सवाल, बोलीं– ऑथेंटिक टैलेंट को मिले मौका**

## योगी सरकार में 1098 बनी बच्चों की 'जीवन रेखा': 26 हजार शिकायतों का समाधान, हजारों बच्चों को परिवार से मिलाया

लखनऊ। प्रदेश में बच्चों की सुरक्षा और कल्याण को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार लगातार सक्रिय नजर आ रही है। खासतौर पर गुमशुदा बच्चों की तलाश और उनकी सुरक्षित वापसी के लिए चलाया जा रहा अभियान प्रभावी साबित हो रहा है। महिला कल्याण निदेशालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025–26 में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के माध्यम से 26 हजार से अधिक शिकायतों का निस्तारण किया गया है। यह आंकड़ा बताता है कि सरकार इस दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। प्रदेश में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 इमरजेंसी सेवा है, जो संकट में फंसे बच्चों को त्वरित सहायता प्रदान करती है। इस हेल्पलाइन पर 18 वर्ष से कम आयु के गुमशुदा बच्चों और किशोरों से संबंधित शिकायतें दर्ज की जाती हैं। कंट्रोल रूम के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2025–26 में कुल 28,945 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 26,239 मामलों का सफल निस्तारण कर दिया गया है, जबकि 2,706 मामलों में अभी कार्रवाई जारी है। सरकार के प्रयासों का असर जमीनी स्तर पर भी देखने को मिल रहा है। बांदा जिले की एक महिला का 6 वर्षीय बेटा वर्ष 2015 में चित्रकूट परिक्रमा के दौरान लापता हो गया था। लंबे समय तक कोई सुराग नहीं मिलने के बाद, चाइल्ड हेल्पलाइन और पुलिस के समन्वय से लगभग 10 साल बाद बच्चे को खोजकर उसकी मां से मिलाया गया। इसी तरह एटा जिले में एक बच्चे को बाल श्रम और शारीरिक उत्पीड़न से मुक्त कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। काउंसिलिंग और उपचार के बाद उसे उसके माता–पिता को सौंप दिया गया। स्पष्ट है कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के माध्यम से न सिर्फ शिकायतों का त्वरित निस्तारण हो रहा है, बल्कि हजारों बच्चों को नया जीवन और सुरक्षित भविष्य भी मिल रहा है। प्रदेश में बच्चों की सुरक्षा अब सरकार की प्राथमिकता में प्रमुख रूप से शामिल है।



## टीसीएस नासिक धर्मांतरण मामला : एचआर मैनेजर पर आरोप, अग्रिम जमानत की याचिका दाखिल

नासिक। (टीसीएस) से जुड़े कथित धर्मांतरण मामले में नया मोड़ सामने आया है। कंपनी की एचआर मैनेजर निदा खान को लेकर पुलिस जांच तेज हो गई है। मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) उनकी तलाश में जुटी है। नासिक पुलिस के अनुसार, एसआईटी ने हाल ही में मुंब्रा स्थित उनके आवास पर पहुंचकर उनके पति से करीब चार घंटे तक पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, निदा खान इस मामले में फरार आरोपियों में शामिल हैं। इस बीच, निदा खान की ओर से उनके वकील ने अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। वकील ने दलील दी है कि वह फरार नहीं हैं, बल्कि गर्भवती होने के कारण अपने परिवार के साथ मुंबई में रह रही हैं। निदा खान पर आरोप है कि उन्होंने कंपनी के कुछ कर्मचारियों पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला। पुलिस के अनुसार, इस मामले में अब तक 9 प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की जा चुकी हैं और 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 6 पुरुष और एक महिला ऑपरेशंस मैनेजर शामिल हैं। हालांकि, इन आरोपों की अभी जांच चल रही है और पुलिस साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। मामले से जुड़े सभी पक्षों की भूमिका की जांच के बाद ही अंतिम स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच निष्पक्ष तरीके से की जा रही है और तथ्यों के आधार पर ही आगे कदम उठाए जाएंगे।




## नासिक केस में नया मोड़ : मुख्य गवाह की सड़क हादसे में मौत, हादसा या साजिश?

नासिक। महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोप में जेल में बंद स्वयंभू बाबा अशोक खरात से जुड़े मामले में बड़ा मोड़ सामने आया है। उनके करीबी सहयोगी और कथित मुख्य गवाह जितेंद्र शेलके की सड़क हादसे में मौत हो गई है, जिससे पूरे प्रकरण पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक, जितेंद्र शेलके 'शिवनिका ट्रस्ट' के उपाध्यक्ष थे और उन्हें मामले से जुड़े कई अहम तथ्यों का जानकार माना जाता था। हादसे में उनकी पत्नी अनुराधा शेलके की भी मौके पर मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। यह दुर्घटना समृद्धि एक्सप्रेसवे पर धोत्रे गांव के पास उस समय हुई, जब शेलके परिवार छत्रपति संभाजीनगर से शिरडी की ओर जा रहा था। तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर कंटेनर के नीचे जा घुसा। पुलिस फिलहाल इसे सामान्य सड़क दुर्घटना मानकर जांच कर रही है, लेकिन शेलके की भूमिका ने इस घटना को संदिग्ध बना दिया है। वे अशोक खरात के बेहद करीबी माने जाते थे और ट्रस्ट के वित्तीय लेन–देन व कथित घोटालों से जुड़े कई महत्वपूर्ण राज जानते थे। इसी वजह से अब यह सवाल उठ रहा है कि यह महज एक हादसा था या फिर इसके पीछे कोई साजिश छिपी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। आने वाले दिनों में जांच की दिशा और सबूतों के आधार पर ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि यह घटना एक सामान्य दुर्घटना थी या फिर किसी बड़ी साजिश का हिस्सा।



## महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान संशोधन बिल लोकसभा में गिरा, 2/3 बहुमत नहीं मिला

नई दिल्ली। संसद में महिला आरक्षण से जुड़ा 131वां संविधान संशोधन बिल आवश्यक बहुमत नहीं मिलने के कारण पास नहीं हो सका। बिल के पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े। कुल 528 सांसदों ने मतदान में हिस्सा लिया, जबकि इसे पारित कराने के लिए 352 वोट (दो–तिहाई बहुमत) जरूरी थे। इस तरह यह बिल 54 वोट से गिर गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्पष्ट किया कि संविधान (131वां संशोधन) विधेयक को सदन में आवश्यक दो–तिहाई बहुमत नहीं मिल पाया, इसलिए इसे पारित नहीं माना जा सकता। इस मुद्दे पर सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सरकार महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में प्रयास जारी रहेंगे। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी ने बिल को पास नहीं होने दिया। उनके अनुसार, महिलाओं को 33: आरक्षण देने वाले इस विधेयक का विरोध करना दुर्भाग्यपूर्ण है। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस तरह के प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें विधायी संस्थाओं में उचित हिस्सेदारी दिलाने के लिए सरकार हर संभव कदम उठाएगी। हालांकि, विपक्ष का कहना है कि बिल के कुछ प्रावधानों और प्रक्रिया को लेकर उनकी आपत्तियां थीं, जिसके चलते उन्होंने इसका विरोध किया। इस घटनाक्रम के बाद यह साफ है कि महिला आरक्षण का मुद्दा अभी भी राजनीतिक बहस के केंद्र में बना रहेगा और आने वाले समय में इस पर फिर से चर्चा होने की संभावना है।




## खुला होर्मुज जलडमरूमध्य : ईरान का बड़ा ऐलान, वाणिज्यिक जहाजों को मिली राहत

मध्य पूर्व। वैश्विक ऊर्जा और शिपिंग सेक्टर के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। अब्बास अराघची ने घोषणा की है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए पूरी तरह खोल दिया गया है। हालांकि, यह फैसला सीमित अवधि के लिए है। ईरान ने स्पष्ट किया है कि यह मार्ग इजराइल–लेबनान संघर्ष विराम की शेष अवधि के दौरान, यानी लगभग 10 दिनों के लिए ही खुला रहेगा। दरअसल, जलडमरूमध्य बंद होने के कारण करीब 800 जहाज फंस गए थे, जिनमें 187 से अधिक ऑयल टैंकर शामिल थे। इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ा और बाजार में अनिश्चितता बढ़ गई थी। कई जहाजों के चालक दल को एक महीने से अधिक समय तक समुद्र में ही रहना पड़ा। ईरान के इस फैसले के बाद अब इन जहाजों के तेजी से होर्मुज जलडमरूमध्य पार करने की उम्मीद है, जिससे तेल आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार सामान्य होने लगेगा। इस घटनाक्रम पर डोनाल्ड ट्रंप ने भी प्रतिक्रिया दी और फैसले का स्वागत किया। विशेषज्ञों के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस का परिवहन होता है। ऐसे में इसका खुलना अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार के लिए राहत भरा कदम माना जा रहा है। ईरान ने पहले संकेत दिया था कि लेबनान में संघर्ष विराम लागू होने के बिना वह इस मार्ग को पूरी तरह नहीं खोलेगा। अब सीजफायर लागू होने के बाद यह निर्णय लिया गया है, जिससे वैश्विक स्तर पर स्थिति में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।




## रत्नसेन पीजी कॉलेज में अम्बेडकर की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ

दैनिक बुद्ध का संदेश




सिद्धार्थनगर। जनपद सिद्धार्थनगर के विधान सभा बांसी के राजा रत्नसेन पीजी कॉलेज में डा भीम राव अम्बेडकर जयंती समारोह अभियान 2026 के तहत नामित मुख्य अतिथि राजा जय प्रताप सिंह विधायक एवं पूर्व स्वास्थय मंत्री को प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि को बुक देकर स्वागत अभिनंदन किया गया जिसमें विधानसभा संगोष्ठी कार्यक्रम के दौरान मुंह कथित राजा जय प्रताप सिंह विधायक और वही वृद्धा आश्रम के प्रबंधक सिद्धार्थ गौतम की मौजूदगी रही जबकि राजा रतन सिंह पीजी कॉलेज के प्रधानाचार्य के मौजूदगी में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती अभियान के दौरान मुख्य अतिथि और कई संभ्रांत लोगों ने अपने–अपने विचार व्यक्त किया और मुख्य अतिथि ने कहा की बाबा साहब के विचार उच्च कोटि के थे और समाज हित में था इस लिए उन्हें लोग अपना प्रेरणास्रोत मानते है और देश को एक रूप में जोड़ने के लिए ऐसा संविधान बनाया है जिससे पूरा देश इनके नियम कानून के बनाए गए उन्हीं अनुरूप पालन करते हुए देश आज तरक्की कर रही है।

# तहसील समाधान दिवस में 47 शिकायतें प्राप्त, 3 दिन में निस्तारण के निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश







सिद्धार्थनगर। शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले तहसील समाधान दिवस के तहत तहसील शोहरतगढ़ में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन भी मौजूद रहे। समाधान दिवस के दौरान राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई की गई। राजस्व संबंधी मामलों की सुनवाई जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी विवेकानंद मिश्र ने की, जबकि पुलिस से जुड़े मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई। जिलाधिकारी ने पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों की आख्या का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने भूमि विवादों के मामलों में मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण करने के निर्देश दिए और कहा कि शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि तहसील दिवस और आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में किया जाए। साथ ही कानूनगो और लेखपालों को भूमि संपत्ति एवं विवाद रजिस्टर तैयार रखने और मौके पर जांच के बाद ही आख्या प्रस्तुत करने को कहा। कार्यक्रम के दौरान कुल 47 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व के 44, पुलिस का 1, शिक्षा का 1 और विद्युत के 2 मामले शामिल थे। इनमें से राजस्व विभाग के 6 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को तीन दिन के भीतर निपटाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपकृषि निदेशक, अधिशासी अभियंता (सिंचाई, ड्रेनेज, राप्ती नहर) एवं लीड बैंक अधिकारी अनुपस्थित पाए गए, जिनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया, पीडी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ राजमणि वर्मा, डीसी मनरेगा संदीप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जेसीबी लगाकर ढहा दिये गये दलितों के मकानः ग्रामीणों में आक्रोश

दैनिक बुद्ध का संदेश



बस्ती। मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में प्रशासन द्वारा दलित का मकान जे.सी.बी. से पुलिस की मौजूदगी में ढहा दिया गया है। परिवार के लोग पड़ोसियों या खुले आसमान के नीचे गुजर बसर करने को मजबूर है। मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई न होने से लोगों में आक्रोश है। मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के निवासी दलित राम अवध पुत्र गोबरी, राजेन्द्र पुत्र राम वेलास, प्रेमसागर, रामदीन पुत्रगण रामफेर के कच्चे-पक्के मकान को न्यायालय के निर्णय की अवमानना करते पूर्व ग्राम प्रधान भू-माफिया अब्दुल वहीद की शह पर पुलिस बल और की मौजूदगी में जे.सी.बी. लगाकर ध्वस्त करा दिया गया। इसे लेकर नागरिकों में रोष है। हिन्दू युवा वाहिनी जिला आई.



टी. सेल संयोजक धर्मेन्द्र कुमार के साथ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने मण्डलायुक्त को पत्र देकर मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग किया गया था। वाहिनी पदाधिकारी लगातार न्याय की गुहार लगा रहे हैं किन्तु अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उच्चाधिकारियों को दिये पत्र में कहा गया है कि लेखपाल वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, नायब तहसीलदार, दारोगा और पुलिस कर्मियों ने गत 13 अप्रैल को जिलाधिकारी और उच्च न्यायालय के निर्णय की अवमानना करते हुये दलितों के कच्चे-पक्के मकान को ध्वस्त करा दिया। उक्त लोगों ने गाटा संख्या 611 में गांव के ही अप्पू, सुभाष, बब्लू पुत्रगण मुन्नीलाल का अवैध छप्पर रखवा दिया। मांग किया कि दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर दलितों को घर बनवाकर दिया जाय। हिन्दू युवा वाहिनी जिला आई.टी. सेल संयोजक धर्मेन्द्र कुमार ने कहा है कि दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई के साथ दलितों को मकान फिर से न बनवाया गया तो प्रकरण को मुख्यमंत्री के समक्ष ले जाया जायेगा। मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के रामपुर के नागरिकों ने बताया कि गांव में पूर्व ग्राम प्रधान भू-माफिया अब्दुल वहीद का गरीबों में खौफ है और वह बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाने से भी रोकता है। रामपुर गांव के राम अवध, राजेन्द्र, इन्दल, हरिभरन, प्रेम सागर, रामदीन, सुनील, प्रमेश, उर्मिला, शान्ती, शीला, कमलावती, मंजू, गुडिया, शुमंत्री, नीलू, चन्द्रावती, सरिता, वेदकला, सीमा, विमला देवी आदि ने प्रशासन से मांग किया है कि दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई कर जिन लोगों के घर जेसीबी लगाकार ढहाये गये हैं उनका मकान निर्माण कराकर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय।

# सफाईकर्मी विनय कुमार वर्मा का हत्यारोपी गिरफ्तारः सफाई कर्मचारी संघ ने स्थगित किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश





बस्ती। सफाईकर्मी विनय कुमार वर्मा की हत्या मामले को लेकर सीओ सिटी द्वारा यह बताये जाने पर कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने अपना प्रदर्शन स्थगित कर दिया। प्रदर्शन के आवाहन को लेकर शनिवार को सबेरे से ही अमहट घाट स्थित शिवमंदिर पर सफाईकर्मी एकत्र होकर धरना प्रदर्शन की तैयारी कर रहे थे कि मौके पर पहुंचे सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी के आश्वासन बाद प्रदर्शन स्थगित करने का निर्णय लिया गया। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष अजय कुमार आर्य, संघ के मंत्री मनसाराम चौधरी और राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष मस्तराम वर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल, मंत्री तौलू प्रसाद आदि ने सीओ सिटी को पत्र सौंपा। मांग किया कि सफाईकर्मी विनय कुमार वर्मा हत्याकाण्ड का खुलासा कर दोषियों को कड़ा दण्ड दिलाया जाय। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने जिस तत्परता से हत्यारोपी को गिरफ्तार किया यह पहल सराहनीय है। दोषियों को कड़ा दण्ड दिलाया जाय। अमहट घाट पर सीओ सिटी को ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष अशोक चौहान, संगठन मंत्री अमित चक्रवर्ती, लेखा सम्प्रेक्षक भरत कुमार यादव, सन्तोष कुमार, हर्रैया के ब्लाक अध्यक्ष भरतराम, समयदीन, उमेश चौधरी, राजेश कुमार, दीनानाथ, रामपाल भारती, विजय भारत, हजारीलाल, मो. कलीम, मायाराम, संजय सिंह, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, हजारीलाल, सुभाष चन्द्र, कप्तान कुमार, शेषराम वर्मा, जगदीश प्रसाद, हरिश्चन्द्र, परमात्मा प्रसाद, देवेन्द्र कुमार, हृदयलाल, राम सुरेश चौधरी, यशवन्त कुमार, सुखराम, राजेश कुमार, रामपाल भारती, संजय यादव, विजय भारत, जयश्री, बजरंगी, दीनानाथ, श्रीचन्द्र, राजकुमार वर्मा, कप्तान कुमार वर्मा, जाहिद अली, हृदयलाल, बलराम कन्नौजिया, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, धीरेन्द्र कुमार गुप्ता, हजारीलाल, मुजीबुल्लाह, देवेन्द्र कुमार, हजारीलाल, राजेन्द्र यादव, संगीता देवी, मीनाक्षी, देवनरायन, मंजू, सीमा, विजय भारती, राकेश कुमार वर्मा, सुग्रीव भारती, अनिल कुमार, हरिश्चन्द्र, राकेश वर्मा, राममिलन, विश्वनाथ, रामजी पाण्डेय, प्रहलाद चौधरी, मुबारक अली, महेन्द्र कुमार, नन्दलाल, पीर मोहम्मद, वीरेन्द्र प्रताप चौधरी, रामकिशुन, संजय कन्नौजिया, पवन कुमार वर्मा, रामनयन वर्मा, रामभवन यादव, रामकंवल यादव के साथ ही हजारों की संख्या में सफाईकर्मी और विभिन्न संगठनों के लोग शामिल रहे।

# कुपोषण उन्मूलन में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका अहम-आयुक्त

दैनिक बुद्ध का संदेश




गोन्डा। जनपद के जिला पंचायत सभागार में शुक्रवार को आठवें पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन तथा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विभिन्न स्वयं सहायता समूहों एवं जिला कार्यक्रम विभाग द्वारा पोषण, स्वास्थ्य एवं महिला सशक्तिकरण विषयक स्टॉल लगाए गए। अधिकारियों ने स्टॉलों का अवलोकन कर महिलाओं के प्रयासों की सराहना की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाया जाए। कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म आयोजित की गई, जिसमें उन्हें पोषण किट प्रदान कर स्वस्थ मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने कहा कि पोषण पखवाड़ा जनजागरूकता का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से अपेक्षा की कि वे कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर नियमित रूप से बच्चों का वजन एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए तथा कुपोषित बच्चों की पहचान कर विशेष देखभाल सुनिश्चित की जाए। साथ ही घर-घर जाकर महिलाओं को संतुलित आहार, स्वच्छता एवं टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जाए। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिससे कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और कहा कि सरकारी योजनाओं से जुड़कर महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं।कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं,आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# शोहरतगढ़ में पेट्रोल पंप पर 'साइड से तेल' देने का आरोप, वीडियो वायरल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद में डीजल-पेट्रोल की किल्लत



के बीच शोहरतगढ़ क्षेत्र के महदेवा नानकार स्थित श्रीराम फिलिंग स्टेशन पर कथित रूप से 'साइड से' पेट्रोल दिए जाने का मामला सामने आया है। इसको लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिससे क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि जहां एक ओर पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगी हैं और आम उपभोक्ता घंटों अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, वहीं कुछ लोगों को कथित रूप से सामान्य लाइन से अलग हटकर पेट्रोल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नियमों को दरकिनार कर कुछ खास लोगों को गुपचुप तरीके से ईंधन दिया जा रहा है, जिससे आम उपभोक्ताओं के साथ भेदभाव हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन आरोप सही पाए जाने पर इसे आपूर्ति व्यवस्था में गंभीर अनियमितता माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा ईंधन वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है।

# शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल करने की मांग तेज

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन के विकास को लेकर मांग तेज हो गई है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, नगर इकाई शोहरतगढ़ के पत्र के समर्थन में पूर्व डीजीपी एवं राज्यसभा सांसद बृजलाल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन की स्थिति दयनीय है और इसके विकास की तत्काल आवश्यकता है। यह स्टेशन न केवल सिद्धार्थनगर बल्कि नेपाल सीमा से सटे क्षेत्र के लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण है। भारत-नेपाल सीमा महज 7-8 किलोमीटर दूर होने के कारण यह स्टेशन नेपाली नागरिकों के लिए भी सुविधा का प्रमुख केंद्र माना जाता है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि स्टेशन की बदहाल स्थिति के कारण यात्रियों और व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन के विकास से आवागमन और व्यापार दोनों को बढ़ावा मिलेगा। राज्यसभा सांसद बृजलाल ने रेल मंत्री से स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल कर विकसित कराने का अनुरोध किया है। उधर, व्यापारियों ने भी स्टेशन के विकास को लेकर आवाज बुलंद की थी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, नगर इकाई शोहरतगढ़ के व्यापारियों ने राज्यसभा सांसद को पत्र सौंपकर इस मांग को प्रमुखता से उठाया था। इस पहल से क्षेत्रीय व्यापारियों और स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि स्टेशन के कायाकल्प की दिशा में ठोस पहल हो सकेगी। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र कौशल, महामंत्री मनोज कुमार गुप्ता, राजकुमार मोदनवाल, दिलीप वर्मा सहित अन्य व्यापारी सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से शोहरतगढ़ में ध्वस्त हुई यातायात व्यवस्था

दैनिक बुद्ध का संदेश



शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। एक बार फिर शोहरतगढ़ कस्बे में ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। कस्बों में हर समय जाम की स्थिति बनी रहने से वाहन चालकों के साथ पैदल राहगीरों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार ई-रिक्शा चालक बीच सड़क पर ही वाहन मोड़ देते हैं और कहीं भी वाहन खड़ा कर सवारी बैठाने लगते हैं, जिससे जाम के साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। आए दिन लगने वाले जाम से आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। शोहरतगढ़ कस्बे में पुलिस पिकेट के आसपास सबसे खराब स्थिति बताई जा रही है। खुनुवा रोड पर पिकेट से महज 10 मीटर दूरी पर ई-रिक्शा खड़े होने से लगातार जाम की समस्या बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि टोकने पर कई चालक विवाद और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं, जिससे लोग शिकायत करने से भी बचते हैं। लोगों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटाने, ई-रिक्शा संचालन के लिए निर्धारित स्थान तय करने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर प्री-ट्रायल बैठक आयोजित

दैनिक बुद्ध का संदेश





सिद्धार्थनगर। आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्री-ट्रायल बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव-तृतीय ने की। बैठक में बैंक अधिकारियों और विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर अधिक से अधिक मामलों को लोक अदालत में चिन्हित कर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। जनपद न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों से सक्रिय सहयोग की अपील की। बैठक में अपर जनपद न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत बीरेन्द्र कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र नाथ, उप संभागीय वन अधिकारी बीना तिवारी, एआरटीओ संजय कुमार सिंह, सहायक आयुक्त स्टांप ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, जिला आबकारी विभाग से बीर अभिमन्यु कुमार, पूर्ति निरीक्षक विद्यावारिणी श्रीवास्तव, एसडीएम एसएस राय सहित विभिन्न बैंकों और विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में लोक अदालत के माध्यम से अधिकाधिक मामलों के निस्तारण पर जोर दिया गया, जिससे वादकारियों को त्वरित और सुलभ न्याय मिल सके।

## तहसील समाधान दिवस : राजस्व निरीक्षक कक्ष में 19 पत्रावलियां लंबित, लिपिक पर कार्रवाई के निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश




सिद्धार्थनगर। तहसील समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायत के क्रम में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने राजस्व निरीक्षक कक्ष का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान धारा–24 से संबंधित 19 पत्रावलियां लंबित पाई गईं, जिन्हें उपजिलाधिकारी न्यायालय में प्रेषित नहीं किया गया था। जांच में यह भी सामने आया कि अधिकांश पत्रावलियां सेवानिवृत्त अथवा स्थानांतरित हो चुके राजस्व कानूनगो से संबंधित थीं। जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी लंबित पत्रावलियों को तत्काल उपजिलाधिकारी न्यायालय में भेज दिया गया। साथ ही, लापरवाही बरतने के आरोप में संबंधित राजस्व लिपिक प्रदीप कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ विवेकानंद मिश्र, तहसीलदार शोहरतगढ़ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला आरक्षण बिल पर जिले में बहस तेज, युवाओं की सामने आई प्रतिक्रिया

दैनिक बुद्ध का संदेश







शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पेश होने के बाद जिले में यह चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है। हालांकि बिल पारित नहीं हो सका, जिसको लेकर युवाओं, राजनीतिक कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों की अलग–अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। युवाओं का कहना है कि यह बिल महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता था। बिल के पारित न होने से कई लोगों ने निराशा जताई, वहीं विभिन्न वर्गों ने अपने–अपने दृष्टिकोण रखे हैं। भाजपा नेता नीलेश चौधरी ने कहा कि लोकसभा में बिल का पास न होना महिला सशक्तिकरण के अधिकारों का अपमान है। उनके अनुसार, इससे महिलाओं के सम्मान और गौरव को ठेस पहुंची है और विपक्ष का रवैया सामने आया है। वहीं सपा नेता विष्णु उमर का कहना है कि महिला आरक्षण विधेयक में आधी आबादी के अधिकार की बात तो की जा रही है, लेकिन आरक्षण के भीतर आरक्षण न देने से वंचित वर्ग की महिलाओं के साथ अन्याय होगा। समाजसेवी वकार मोइज खान ने कहा कि यदि यह बिल पास होता तो महिला सशक्तिकरण को और मजबूती मिलती, लेकिन सरकार को हर वर्ग की महिलाओं के उत्थान पर समान रूप से ध्यान देना चाहिए। कुल मिलाकर, नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर जिले में बहस और चर्चाओं का दौर जारी है। विभिन्न प्रतिक्रियाओं से साफ है कि यह मुद्दा सिर्फ राजनीति तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों से भी गहराई से जुड़ा हुआ है।

## पुलिस चौपाल में महिलाओं को कानून और सुरक्षा की दी जानकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश




शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। थाना शोहरतगढ़ क्षेत्र के ग्राम मलगवा स्थित कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत जन चौपाल सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में घरेलू हिंसा, दहेज उन्मूलन, महिला सुरक्षा और स्वावलंबन को लेकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों, हेल्पलाइन नंबरों और मिशन शक्ति केंद्रों की जानकारी दी गई। इस दौरान दहेज उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट तथा महिला संबंधी मामलों में काउंसलिंग भी की गई। पुलिस टीम ने महिलाओं को बताया कि किसी भी समस्या पर थानों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। साथ ही 1090, 181, 112, 1098 और 1930 हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। बाल विवाह, साइबर अपराध, लैंगिक शोषण, लिंगानुपात और नए कानूनों पर भी विस्तार से जागरूक किया गया। बालिकाओं को आत्मरक्षा, अपराध से बचाव तथा यातायात नियमों के पालन की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति 5.0 के स्टीकर भी चस्पा किए गए। कार्यक्रम में बाल कल्याण अधिकारी अमन शर्मा, प्रधानाचार्य गायत्री देवी, उप निरीक्षक परमानंद राय, हेड कांस्टेबल अविनाश सिंह, महिला कांस्टेबल शोभा भारती, रूबी दुबे, उर्मिला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## इटवा ब्लाक कम्प्यूटर की मार्ग दुर्घटना मे मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवा/सिद्धार्थनगर। इटवा विकास खन्ड मे तैनात



कम्प्यूटर आपरेटर संदीप गुप्ता उर्म लगभग 35 वर्ष इटवा ब्लाक से काम समाप्त कर रोज की तरह शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे अपने घार अकोहलिया रहे थे। इटवा डुमरियागंज रोड पर रगड़गंज चौराहे पर पहुंचे ही थे अचानक अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया किस वाहन से हुआ ए पता नही चल सका ठोकर इतनी तेज थी मौके पर गिर पड़े आवाज सुनकर कुछ ग्रामीण इकठ्ठा हो गऐ और ग्रामीणो की मदद से इटवा सीएचसी लाया गया जा डाक्टरो द्वारा मृत्यु घोषित कर दिया जिससे सुनकर घर वालो मे कोहराम मच गया लाश को इटवा पुलिस ने कब्जे मे पीएम के लिए भेज दिया।

# खुनुवा बॉर्डर पर बढ़ीं बाइक चोरी की घटनाएं, पुलिस की सक्रियता पर उठे सवाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। भारत–नेपाल सीमा से सटे खुनुवा बाजार क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। खास बात यह है कि चोरी की ये वारदातें पुलिस चौकी से महज कुछ कदमों की दूरी पर हुई हैं, जिससे पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार बीते 25 दिनों में बाइक चोरी की तीन घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना 19 मार्च, दूसरी 29 मार्च और तीसरी 2 अप्रैल को हुई। लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब चौकी के आसपास ही वाहन सुरक्षित नहीं हैं, तो अन्य क्षेत्रों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस गश्त में लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों ने आशंका जताई कि सीमा क्षेत्र होने के कारण चोरी की गई बाइकें नेपाल पार ले जाई जा सकती हैं। सूत्रों के मुताबिक हाल ही में दो नेपाली संदिग्ध एक बाइक के साथ पुलिस के कब्जे में आए थे, लेकिन इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों ने रात्रि गश्त बढ़ाने, आरोपियों की गिरफ्तारी और घटनाओं के खुलासे की मांग की है। हालांकि अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है।उधर, इस संबध में खुनुवा पुलिस चौकी प्रभारी सुरेश यादव ने बताया कि अब तक किसी भी मामले में तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## खेसराहा पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश




खेसराहा, सिद्धार्थनगर। मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना खेसराहा पुलिस द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस क्रम में थाना क्षेत्र के लक्ष्मी कैंब्रिज स्कूल की छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान, नए कानूनों, साइबर अपराध से बचाव और एंटी रोमियो अभियान के तहत विस्तृत जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में आयोजित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी बांसी शुभेंदु सिंह के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने बालिकाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो अभियान और साइबर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी प्रकाश डाला गया। छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जागरूक किया गया, जिनमें 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1090 (वूमेन पावर हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 108 (एंबुलेंस सेवा), 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन) और 101 (अग्निशमन सेवा) शामिल हैं। पुलिस टीम ने बालिकाओं से अपील की कि वे किसी भी आपात स्थिति में इन हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता दिखाते हुए विभिन्न जानकारियां प्राप्त कीं।

## स्कूल चलो अभियान एवं नामांकन कार्यशाला आयोजित, जनप्रतिनिधियों ने किया प्रेरित

दैनिक बुद्ध का संदेश

उस्का बाजार/सिद्धार्थनगर। शिक्षा क्षेत्र उस्का बाजार अंतर्गत




शनिवार को स्कूल चलो अभियान एवं नवीन नामांकन के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने और शिक्षा के महत्व को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।कहा कि शिक्षा ही समाज के समग्र विकास का आधार है और सरकार की योजनाओं का लाभ तभी सार्थक होगा जब प्रत्येक बच्चा विद्यालय से जुड़ेगा। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे घर–घर जाकर नामांकन अभियान को सफल बनाएं। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत जायसवाल ने कहा कि नगर क्षेत्र के विद्यालयों के कायाकल्प के साथ स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध कराई गई जिससे परिषदीय विद्यालय निजी विद्यालयों से प्रतिस्पर्धा कर सके। कार्यक्रम को प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष श्रीश प्रताप यादव व अभिषेक त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में वर्तमान सत्र में अधिक नामांकन करने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय चुरिहारी के प्रभारी राकेश सिंह, पीएम श्री परसा खुर्द के बालजीत कुमार व हथिवडताल के श्रीचंद को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। केजीबीवी उस्का की बच्चियों ने स्वागत गीत व परसा खुर्द की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। परसा खुर्द के बच्चों द्वारा बनाया गया पिरामिड खूब सराहा गया। कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय मदनपुर के बच्चों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रहा। अवलोकन के दौरान शिक्षक विधायक ने बच्चों के मेहनत को सराहा और शिक्षिका अंकिता चंदेल को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बीईओ ओमप्रकाश मिश्र ने विभागीय योजनाओं व नामांकन के बारे में जानकारी दिया। पशुपति नाथ दूबे के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में विभूति अग्रहरि, रामेश्वर पांडेय, मयंक पांडेय, सुजीत अग्रहरि,मनोज साहनी सहित समस्त एआरपी व बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सिद्धार्थनगर के सोनू जायसवाल का औषधि विश्लेषक पद पर चयन

दैनिक बुद्ध का संदेश



सिद्धार्थनगर। जिले के बनगाई निवासी सोनू जायसवाल का चयन औषधि विश्लेषक (ड्रग एनालिस्ट) पद पर हुआ है। यह चयन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा के माध्यम से हुआ है, जिसका परिणाम 11 मार्च को घोषित किया गया। सोनू जायसवाल, सत्यराम जायसवाल के पुत्र एवं सुभावती जायसवाल के सुपुत्र हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता के लिए लगभग दो वर्षों तक कठिन परिश्रम किया। अपनी उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपने माता–पिता के साथ–साथ भाइयों दिलीप, दिनेश, बब्लू, रामू, साधुशरण, भूनू तथा बहनों सीमा और रीमा को दिया है, जिनका उन्हें निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन मिला। सोनू ने अपनी स्नातक की शिक्षा बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज गोरखपुर व परस्नातक की शिक्षा लखनऊ से प्राप्त की है। उनके चयन से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा स्थानीय लोगों ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## अवैध लकड़ी कटान पर कार्रवाई, एक गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सशस्त्र सीमा बल की 43वीं वाहिनी व वन विभाग की संयुक्त टीम ने अलीगढ़वा सीमा चौकी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध लकड़ी के साथ गिरफ्तार किया। टीम ने बरईपुर गांव के पास छापेमारी कर अकरम हुसैन (52) को पकड़ा, जिसके पास से 10 बोटा आंवला व 1 महुआ की लकड़ी बरामद हुई। वैध कागजात न मिलने पर लकड़ी जब्त कर आरोपी को वन विभाग नौगढ़ को सौंप दिया गया। सीमा पर अवैध कटान व तस्करी के खिलाफ अभियान जारी है।

# भारत-नेपाल सीमा पर पेट्रोल-डीजल तस्करी तेज, एसएसबी-पुलिस ने पकड़ा 57 लीटर पेट्रोल

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। नेपाल और भारत में पेट्रोल–डीजल की कीमतों में भारी अंतर के चलते भारत–नेपाल सीमा पर तेल तस्करी तेज होने के आरोप सामने आ रहे हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में पेट्रोल पंपों से कथित रूप से अतिरिक्त सुविधा शुल्क लेकर पेट्रोल–डीजल की अवैध बिक्री और नेपाल भेजे जाने की चर्चा है, जिससे स्थानीय उपभोक्ताओं को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। सूत्रों के मुताबिक नेपाल में डीजल और पेट्रोल भारत की तुलना में महंगा होने से तस्करों के लिए यह अवैध कारोबार लाभदायक साबित हो रहा है। आरोप है कि सीमावर्ती पेट्रोल पंपों पर नेपाली वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं और तेल आपूर्ति के कुछ ही समय बाद स्टॉक खत्म दिखाकर पंप 'ड्राई' घोषित कर दिए जाते हैं। इसके चलते क्षेत्र में कृत्रिम कमी की स्थिति बन रही है। इसी बीच सूचना के आधार पर 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) सिद्धार्थनगर की सीमा चौकी बजहा पोखरभीटवा और उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त गश्ती टीम ने सीमा स्तंभ संख्या 552 के पास कार्रवाई करते हुए एक मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को रोका। तलाशी में छह जरीकेन में कुल 57 लीटर पेट्रोल बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपितों ने अपनी पहचान मनोज कुमार और दिपेंद्र कुमार पांडेय, निवासी भरवलिया, पोस्ट बजहा बाजार, जिला सिद्धार्थनगर के रूप में बताई। दोनों ने पेट्रोल को भारत से नेपाल अवैध रूप से ले जाकर बेचने की बात स्वीकार की। गश्ती दल ने पेट्रोल और मोटरसाइकिल



जब्त कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए कस्टम ककरहा को सुपुर्द कर दिया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सीमावर्ती पेट्रोल पंपों की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई और तस्करी पर रोक लगाने की मांग की है।

# सम्पादकीय

**सवाल उन सरकारी विभागों पर भी है, जो बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लगाने की पहल नहीं करती। तभी साल में करोड़ों रुपये की उगाही करने वाली बीमा कंपनियां कई तकनीकी वजहों से मरीज के इलाज में लगी रकम का बड़ा हिस्सा देने से मना कर देती हैं। वास्तव में जरूरत इस बात की है कि बीमा कराते वक्त ईमानदारी से बीमे से जुड़ी शर्तों से उपभोक्ता को अवगत कराया जाए...**

## बीमा कंपनियों व अस्पतालों का मकड़जाल

बीमा कारोबार की जटिलताएं हमेशा से ही आमजन के लिए एक अनसुलझी गुत्थी रही हैं। हमारी भविष्य की आशंकाओं व भय पर फल–फूल रहे इस कारोबार को लेकर गाहे–बगाहे परेशान करने वाली खबरें आती रहती हैं। लेकिन इसके बावजूद तेजी से फल–फूल रहे विभिन्न बीमा कारोबारों की विसंगतियां कम नहीं हुई हैं। इसी तरह मेडिकल बीमा को लेकर बड़ी संख्या में शिकायतें सामने आती रही हैं। दरअसल, लगातार महंगी होती चिकित्सा सुविधाओं के दौर में, भविष्य में महंगे इलाज का खर्च उठाने का भरोसा दिलाकर बीमा कंपनियां लोगों को बीमा पॉलिसियां खरीदने को मानसिक रूप से तैयार कर लेती हैं। लेकिन विडंबना यह है कि जब वास्तव में कोई बीमार पड़ता है तो इलाज पर हुए खर्च के भुगतान को लेकर तमाम किंतु–परंतु बीमा कंपनियां करने लगती हैं। कई खामियां निकाली जाती हैं, जिनके बारे में बीमा धारक को पता ही नहीं होता है। कई बार तो छिपे–ढके कारण बताकर चिकित्सा खर्च की भरपाई करने से भी मना कर दिया जाता है। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण यानी आईआरडीए के आंकड़ों ने बीमा कंपनियों के मुनाफा खेल को उजागर किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2024 में छब्बीस हजार करोड़ रुपये के बीमा दावे खारिज किए गए थे। निस्संदेह, ये आंकड़ा बीमा कंपनियों तथा पांच सितारा अस्पताल प्रबंधकों के अपवित्र गठबंधन को ही दर्शाता है। बाकायदा पिछले दिनों राज्यसभा में निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के अपवित्र गठजोड़ का मामला उठाया गया। जो हर साल हजारों लोगों को कर्ज व गरीबी की दलदल में धकेल देता है। अक्सर आरोप लगता है कि मरीजों को उपचार के मुकाबले बेहद कम राशि का भुगतान किया जाता है। ऐसा नहीं है कि प्राइवेट अस्पतालों व बीमा कंपनियों के मध्य सांठगांठ के मामले सामने नहीं आते। लेकिन हमारा नियामक–तंत्र सारे घटनाक्रम की अनदेखी कर देता है। विडंबना यह भी है कि केंद्र व राज्य सरकारों के स्तर पर भी इस मुनाफाखोरी पर समय रहते अंकुश नहीं लगाया जाता है, जिससे लोगों को उलटे उस्तरे से मूंडने का खेल बदस्तूर जारी रहता है। दरअसल, लोग जब कोई स्वास्थ्य बीमा कराते हैं तो उन बारीकियों के बारे में नहीं बताया जाता है, जिसके आधार पर मरीजों के चिकित्सा बीमा राशि को खारिज किया जाता है। अक्सर इलाज के बड़े खर्चे के दावे को कई मीन–मेख निकालकर नकार दिया जाता है। कई बार तो अमानवीयता की हदें भी सामने आती हैं जब मरीज की मृत्यु पर, खर्च चुकाने में असमर्थ होने पर अस्पताल प्रबंधक परिजनों को पार्थिव शरीर तक को देने से मना कर देते हैं। जबकि इस बारे में अदालत व सरकार की तरफ से सख्त आदेश हैं कि बकाया राशि के लिए किसी मरीज के शव को रोका नहीं जा सकता। दरअसल, चिकित्सा बीमा आज देश–दुनिया में बड़ा कारोबार बन गया है। लेकिन पश्चिमी देशों में भुगतान में ईमानदारी व कार्यशैली में पारदर्शिता से इस व्यवसाय का विस्तार हुआ है। लेकिन भारत में ईमानदारी, पारदर्शिता के अभाव व दोषपूर्ण कार्यशैली से चिकित्सा बीमा के औचित्य पर ही सवाल उठते हैं। सवाल उन सरकारी विभागों पर भी है, जो बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लगाने की पहल नहीं करती। तभी साल में करोड़ों रुपये की उगाही करने वाली बीमा कंपनियां कई तकनीकी वजहों से मरीज के इलाज में लगी रकम का बड़ा हिस्सा देने से मना कर देती हैं। वास्तव में जरूरत इस बात की है कि बीमा कराते वक्त ईमानदारी से बीमे से जुड़ी शर्तों से उपभोक्ता को अवगत कराया जाए। लेकिन इससे जुड़े जटिल व अस्पष्ट नियमों को पारदर्शी ढंग से समझाया ही नहीं जाता, जिसको वे बाद में इलाज कराने के उपरांत भुगतान रोकने का जरिया बना लेती हैं। जिसके चलते अक्सर अस्पताल में भर्ती होने पर आए खर्च और बीमा कंपनियों द्वारा भुगतान की गई राशि में बड़ा अंतर नजर आता है। निस्संदेह, देश में इस दिशा में उच्चस्तरीय स्वतंत्र जांच होनी चाहिए कि मरीजों को बीमे का कितना लाभ मिला और अस्पताल तथा बीमा कंपनियों के मुनाफे का स्तर क्या रहा। इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए निगरानी हेतु एक राष्ट्रीय तंत्र बनाया जाना जरूरी है।

## बड़ी है कामयाबी अब जश्न मनाने का वक्त

अब घर में गैस आ गई है। किचन हंस रहा है। गैस का चूल्हा हंस रहा है। अंग–अंग टूटा होने के बाद भी मैं हंस रहा हूं। तू हंस रही है, पर पड़ोसी रो रहा है। उसे लगता है मेरे हाथ बहुत लंबे हैं। उठ गैसजली उठ! देख, तेरा योद्धा गैस सिलेंडर विजेता बनकर आया है। उठकर मेरा विजय तिलक कर। घर में गैस का सिलेंडर आने पर मंगल गीत गा। मोहल्ले में लड्डू बांट। आज की तारीख में जो गैस का सिलेंडर अपने घर ला रहा है, वह विजेता माना जा रहा है। सिलेंडर के लिए घंटों लाइन में लग पेशेंस के साथ अपनी बारी का इंतजार करना बच्चों का खेल नहीं। अगर किसी की पेशेंस को मापना हो तो उसे गैस सिलेंडर लेने के लिए लाइन में खड़ा कर दिया जाए। आंखें खोलकर देख, गैस के सिलेंडर के लिए चारों ओर कितना हाहाकार है? जनता का घरेलू गैसीय क्रंदन सुन! सरकार का गैस मल्हार सुन! जिनके घरों में गैस सिलेंडर भरे हैं, वे अपने गैस सिलेंडरों के पास दिन–रात ठीकरी पहरा दे रहे हैं। जिनके पास लॉकर हैं, उनमें अपने भरे गैस के सिलेंडरों को लॉक करके रखा है। जो जैसे–कैसे घर गैस के भरे सिलेंडर लेकर आ रहे हैं, वे कड़ी सुरक्षा के बीच अपने कंधो पर गैस सिलेंडर उठाए आ रहे हैं। क्या पता रास्ते में कौन कच्छाधारी गिरोह उनका सिलेंडर लूट ले। गैस संकट के बीच जिधर देखो, वहीं गैस का काला बाजार है। आईसीयू से अधिक वेटिंग गैस के सिलेंडर की चल रही है। देख पगली! कल तक जो लकड़ियों पर रोटी बनाने के नुकसान गिनाते नहीं थकते थे, आज वही गैस की किल्लत से जनता का ध्यान भटकाने के लिए जनहित में लकड़ियों पर बनी रोटी के फायदे गिनाने लगे हैं। मीडिया वाले टीवी पर लकड़ियों के चूल्हे पर बनती रोटियों की एक्सक्लूसिव फुटेज दिखाने लगे हैं। टीआरपी ऐसे ही बढ़ती है। डियर गैसजली! अब घर में गैस आ गई है। किचन हंस रहा है। गैस का चूल्हा हंस रहा है। अंग–अंग टूटा होने के बाद भी मैं हंस रहा हूं। तू हंस रही है, पर पड़ोसी रो रहा है। उसे लगता है मेरे हाथ बहुत लंबे हैं। घर में गैस सिलेंडर आ जाने पर मैं लंबी लाइन में लगने की थकान भूल गया हूं। घर में गैस का सिलेंडर आ जाने पर अब तुझे बेड–टी पिलाने के बाद तुझे जागृति का मधुर गीत सुनाते–सुनाते जगाऊंगा। उसके बाद ब्रेकफास्ट में आज जो तू कहेगी वही तेरे लिए बनाऊंगा। मैं तेरी पसंद से बाहर थोड़े ही हूं पगली! लंच करने के बाद पड़ोसी के घर उसकी किचन के हाल देखने चलेंगे।

## वक्तबदला है तो सास को भी बदलना होगा

**रोचक है कि कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में प्रतीक को मार्गेरिटा सीट से उम्मीदवार नामित किया था। यहीं से उनके पिता चार बार विधायक चुने गए थे। खैर, मुकाबला दोनों के बीच है, लेकिन चेहरे 'कांग्रेसी' ही दिखेंगे। असम के चुनावी 'दलदल' के बीच जनता खामोश है। नेताओं की रैलियों में भीड़ तो जुट रही है, लेकिन यह वोटों में कितना तब्दील होगा, उसका अंदाजा अभी सियासी पंडित नहीं लगा पा रहे हैं। असम विधानसभा...**

हालांकि, अब महानगरों में बहुओं की पारंपरिक छवि टूट चुकी है। यों भी इन दिनों की नौकरियां ऐसी नहीं हैं कि नौकरी भी कर लो और घर के काम भी निपटा लो। इसलिए सहायक–सहायिकाओं की मदद लेनी पड़ती है। पिछले दिनों अपने इसी अखबार के प्रथम पृष्ठ पर एक दिलचस्प खबर पढ़ी। इसमें बताया गया कि पंजाब के बठिंडा जिले के बल्लो गांव की पंचायत ने बेस्ट सास अवार्ड शुरू किया है। इसकी पहल गांव की सरपंच अमरजीत कौर ने की। इसे प्रति वर्ष आठ मार्च को यानी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिया जाएगा। छह महिलाओं को पुरस्कृत भी किया गया। यह पुरस्कार किन महिलाओं को दिया जाए, इसके लिए पूरे गांव से रिपोर्ट ली जाएगी। बहुओं और पड़ोसियों की राय पर भी ध्यान दिया जाएगा। सरपंच अमरजीत कौर ने यह भी कहा कि इससे पारिवारिक सम्बंध मजबूत होंगे। समझदार सास घर की नींव होती है, जो अपनी बहू को अपनाकर घर को स्वर्ग बना देती है। इस अवसर पर सबसे अधिक पुस्तकें पढ़ने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। अपने समाज में लड़की को बचपन से ही सिखाया जाता है कि उसे पराए घर जाना है। पराए घर जाकर सास से निपटना है। सास की तस्वीर बहुत डरावने ढंग से पेश की जाती थी। बचपन की एक घटना अक्सर याद आती है। छठी कक्षा में पढ़ती थी। लड़कियों का स्कूल था। वहां एक बहुत वृद्ध महिला गणित पढ़ातीं। सफेद साड़ी ही पहनतीं। उनके बाल भी एकदम सन से सफेद थे। एक दिन गणित पढ़ाते–पढ़ाते, वे



हम सब लड़कियों से कहने लगीं कि सिर्फ गणित पढ़ने से ही, सब कुछ नहीं होगा। जब ससुराल जाओगी तो वहां कैसे जीना है, यह सीखना पड़ेगा। एक लड़की ने पूछा कि बहन जी क्या सीखना होगा। तब वह हंसते हुए बोलीं कि सास के लिए इम्तिहान में पास होना। कैसा इम्तिहान, तो उन्होंने बताया कि हर सास का इम्तिहान लेने का तरीका अलग–अलग होता है। जैसे कि मेरी शादी जब हुई तो मैं बारह साल की थी। शादी के अगले दिन ही सास ने गेहूं और बाजरा मिलाकर सामने रख दिया कि इसे अलग–अलग करो। शाम तक काम पूरा करना है। घर के और काम भी थे। शाम क्या, पूरी रात हो गई, फिर भी नहीं कर पाई। इसी तरह एक दिन नमक और चीनी मिलाकर रख दी। नमक में से चीनी बीननी थी। शर्त यह भी थी कि चीनी से एक भी नमक का दाना चिपका नहीं रहना चाहिए। उनकी बातें सुनकर घबराहट–सी होने लगी। घर जाकर मां को सारी बात बताई। यह भी पूछा कि क्या अम्मा (दादी) भी तुम्हारे साथ ऐसा करती थीं। मां ने हंसकर कहा, तेरी अम्मा बड़ी कठोर स्वभाव की थीं। बहुओं को पर्दे में रखती थीं, उनकी हर बात को मानना भी पड़ता था, मगर ऐसा कभी नहीं किया। ये तो टाइम खराब करना हुआ कि बाजरे में गेहूं मिला दो और चीनी में नमक। इससे तो गेहूं साफ ही करा लिए जाते, जिससे कि काम बचता। और नमक से चीनी चाहे जितनी अलग कर ली हो, नमकीन हो गई होगी। मां ने चाहे जितना समझाया, लेकिन सास की तस्वीर ऐसी बनी रही। बड़ी होकर जब भी साथ की किसी लड़की की शादी होती और वह कहती कि उसकी सास बहुत अच्छी हैं, तो लगता कि झूठ बोल रही है। क्योंकि मान लिया था कि सास खराब ही होती हैं, जो अक्सर दिखता भी था। पुराने जमाने की हिंदी फिल्मों में भी ललिता पंवार मार्का सासें दिखाई देती थीं। जिनका पहला और आखिरी काम यही होता था कि वे बहू को कैसे सताएं। इसके लिए वे अपने बेटों को बहू को पीटने और शारीरिक हिंसा करने के लिए भी उकसाती थीं। जब बहू पिटती थी, दर्शक तालियां बजाते थे। ये वे बहुएं होती थीं, जिन्हें घुट्टी में पिलाया जाता था कि जिस घर में डोली गई, वहां से अर्थी ही उठे। ये अभागी महिलाएं करतीं भी क्या, क्योंकि शादी के बाद इन्हें अपने परिवार वाले भी ससुराल के भरोसे छोड़ देते थे। तलाक लेना बहुत बदनामी का कारण बनता था। ये बहुएं न शिक्षित थीं और न ही आत्मनिर्भर। आखिर जाती भी कहां। इसलिए सास और ससुराल को सहने और समझौता करने के अलावा और कोई रास्ता भी नहीं था। और तो और बहुत से परिवारों में गैस होते हुए भी अक्सर स्टोव बहुओं पर फट जाते थे। स्टोवों को भी मालूम था कि उन्हें बस बहुओं पर ही फटना है। अक्सर दहेज हत्याएं ऐसे ही की जाती थीं। इस संदर्भ में महान लेखिका महादेवी वर्मा का संस्मरण भाभी इतना मार्मिक है कि पढ़ते हुए आंसू बहने लगते हैं। यहां बहू को सताने के लिए सास नहीं, ननद है, वह भी विवाहित। जो जब आती है, तब अपनी विधवा भाभी को बुरी तरह से पीटती है, उसे जगह–जगह जलाती है। और उन्नीस साल की विधवा स्त्री, यह सब झेलने को मजबूर है। इन सासों की मानसिकता पर ध्यान दें, तो ये अपनी सास के अत्याचार का बदला, बहुओं से लेती थीं। जो इन्होंने सहा, बहू भला उससे कैसे बचे और क्यों बचे। जबकि कायदे से होना यह चाहिए था कि जो अपमान, अत्याचार, जिल्लत, इन्होंने सही, वह बहू को न सहनी पड़े और एक तरह से अत्याचार का सिलसिला थमे। संयुक्त परिवारों की ये ऐसी आफतें थीं, जिनका शिकार बहुएं होती थीं। दहेज का तड़का इन अत्याचारों को बेतहाशा बढ़ाता था।

## आसान नहीं भाजपा की पंजाब में वर्चस्व की राह


**भाजपा की राष्ट्रीय आर्थिक नीतियां भी पंजाब को रास नहीं आती। इन नीतियों से आजादी के बाद पहली बार इतनी ज्यादा आर्थिक असमानता देखने को मिली है, और मुट्ठी भर 'गोदी सेठों' के हाथों में अकूत संपत्ति जमा हो गई है। धार्मिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा देना, समाज में भय को हवा देना, और लोगों का ध्यान भटकाने वाली राजनीति करना ये सब भले ही व्यापक आर्थिक संकट को छिपा लें ...**

पंजाब के दौरों के दौरान, मोदी–शाह की जोड़ी ने न तो पंजाब के मूल मुद्दों को छुआ और न ही राज्य को मौजूदा मुश्किल हालात से निकालने के लिए कोई सोची–समझी योजना पेश की। क्या भाजपा के पास पंजाब को उस 'आर्थिक संकट' से बचाने का वह दृष्टिकोण है, जिसकी कमी के लिए अतीत की सत्ताधारी पार्टियां कुख्यात रही हैं? गत चौदह मार्च को मोगा में अपनी बहुप्रचारित रैली की शुरुआत करते हुए अमित शाह को पगड़ी पहने और सिखों का लोकप्रिय जयघोष करते देखना एक दिलचस्प नजारा था। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अक्सर सिख सभाओं में पगड़ी पहनकर आते हैं। जो कोई भी भाजपा नेताओं को सिखों को लुभाने के वास्ते ऐसे हास्यास्पद सुझाव देता है, उसे पंजाब से जुड़े किसी भी राजनीतिक मामले पर सलाह देने से स्थाई तौर पर रोक देना चाहिए। यह कोई राज नहीं है कि भाजपा में फैसले शीर्ष स्तर पर लिए जाते हैं। यहां तक कि मीडिया को इंटरव्यू देने के लिए भी केंद्रीय नेतृत्व की मंजूरी जरूरी रहती है। जाहिर है, आने वाले विधानसभा चुनावों में चुनाव अकेले लड़ने के पार्टी के फैसले का ऐलान करने से पहले अमित शाह ने सुनील जाखड़ और कैप्टन अमरिंदर सिंह जैसे स्थानीय पार्टी नेताओं से कोई सलाह–मशविरा नहीं किया था। जबकि कांग्रेस के ये दोनों पूर्व दिग्गज नेता सार्वजनिक तौर पर शिरोमणि अकाली दल के साथ चुनावी गठबंधन करने की वकालत कर रहे थे। यह रवनीत सिंह बिट्टू ही थे जिन्होंने ऐसे किसी भी गठबंधन का जोरदार विरोध किया हैय ऐसे में अगर कल को उन्हें मुख्यमंत्री पद का चेहरा बना दिया जाए, तो कोई हैरत नहीं। स्थानीय लोगों के साथ सार्थक संवाद के अभाव में, गृह मंत्री ने अपने भाषण में पसंदीदा अलगाव के मुद्दों में से एक का सहारा लियाकृधर्मांतरण। भाजपा जिस 'बदलाव' का वादा कर रही है, यदि उसमें धर्मांतरण–विरोधी कानून भी शामिल है, तो चुनावी लिहाज से उसे कोई खघस सफलता नहीं मिलेगी। धर्मांतरण कोई ऐसा



मुद्दा नहीं है, जो आम पंजाबियों को परेशान कर रहा हो। मामूली आर्थिक फायदों के लिए ईसाई धर्म अपनाने वाले गरीब लोगों से समाज या राज्य को कोई खघ्तरा नहीं है। सबको अपने साथ लेकर चलने वाला पंजाब, धार्मिक आधार पर समाज में अलगाव से चुनाव जीतने के भाजपा के एजेंडे को आसानी से स्वीकार नहीं करेगा। आम तौर पर पंजाबी लोग अहंकारी नेताओं को सत्ता से बाहर करने के लिए वोट देते हैं। उनकी कोई पसंदीदा पार्टी शायद ही कभी रही है। पिछले चुनावों में आम आदमी पार्टी को मिली जबरदस्त जीत का श्रेय 'आप' के नेतृत्व से किसी बड़ी उम्मीद के बजाय, कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा के कुशासन के लिए उन्हें दी गई सजा को ज्यादा जाता है। हो सकता है कि अब वे 'आप' से भी मोहभंग महसूस कर रहे हों, लेकिन वे इतने नाराज भी नहीं हैं कि उसे सत्ता से ही बेदखघ्ल कर दें। सिख राजनीतिक विचारक और लेखक, अजमेर सिंह के अनुसार 'भाजपा ने हरियाणा में जाटों को अलग–थलग करके और गैर–जाटों को एकजुट करके चुनाव जीता था। पंजाब में भी वह यही रणनीति अपना सकती हैकृसिख जाट वोटों को बांटना और हिंदू, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग वोटों को एकजुट करना'। डेरा सचखंड बल्लां के प्रमुख को पद्मश्री से सम्मानित करना और उसके बाद दलित बहुल इलाके में गुरु रविदास को श्रद्धांजलि देने के लिए पीएम मोदी का डेरा दौरा, जाहिर तौर पर इसी रणनीति का हिस्सा हैं। पंजाब के कुल वोटों में दलितों की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत है और जालंधर, कपूरथला, नवांशहर और होशियारपुरकृइन चार जिलों की 117 विधानसभा सीटों में से 23 सीटों के नतीजों में वे निर्णायक भूमिका निभाते हैं। दलितों के बीच रविदासिया समुदाय एक बड़ा हिस्सा है। भाजपा इसी समुदाय पर दांव लगा रही है। भाजपा की इस चुनावी रणनीति को एक और चीज से भी मदद मिल रही हैकृदोषी डेरा प्रमुख राम रहीम की बार–बार पैरोल पर रिहाई। पंजाब के मालवा इलाके के कुछ हिस्सों में राम रहीम के बहुत सारे अनुयायी हैं और फिलहाल उसका पसंदीदा दल भाजपा है। ब्यास स्थित राधा स्वामी डेरा आमतौर पर राजनीतिक रूप से तटस्थ रहता है।

भाजपा की दलितों तक पहुंच बनाने की कोशिश भी शायद ही कामयाब हो जाए, क्योंकि पंजाब में अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के वोटर बंटे हुए हैं और अलग–अलग राजनीतिक पार्टियों का समर्थन करते हैं। यही वजह है कि बहुजन समाज पार्टी पंजाब में ज्यादा कामयाबी हासिल नहीं कर पाई। और इसीलिए भाजपा के लिए हरियाणा वाली सफलता को पंजाब में दोहराना मुश्किल होगा। यहां पर हालात पूरी तरह से उसके अनुकूल नहीं हैं। सिख आमतौर पर भाजपा से दूरी बनाकर रखते हैं, क्योंकि भाजपा की राजनीति भड़काऊ होती है, एजेंडा सांप्रदायिक केंद्रित होता है, और वह डेरों को संरक्षण देती है। सिखों का मुख्य सिद्धांत है 'सरबत दा भला' (सबका कल्याण)। पंजाबी स्वभाव से ही धर्मनिरपेक्ष होते हैं। उग्रवाद के चरम पर होने के समय भी, गंभीर उकसावों के बावजूद, कोई बड़ा सांप्रदायिक विभाजन नहीं हुआ था। सिखों को लुभाने के वास्ते, भाजपा ने पगड़ीधारी कई नेताओं को पार्टी में शामिल किया है। राजनीति को धर्म से जोड़ते हुए, वह अक्सर गुरु तेग बहादुर और साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदानों को याद करती है, और करतारपुर साहिब कॉरिडोर खोलने के बारे में दावे करती हैय लेकिन इन सब बातों का कोई खास असर नहीं होता। इसके विपरीत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लगातार दोहराया जाने वाला यह नजरिया कि सिख भी हिंदुओं का ही हिस्सा हैं, इस समुदाय को विशेष रूप से नाराज करता है।



# एमपीएल कैनवस टूर्नामेंट में मुड़िला की शानदार जीत, 70 रनों से मारी बाज़ी

दैनिक बुद्ध का संदेश






सिद्धार्थनगर। महादेवा में आयोजित एमपीएल कैनवस टूर्नामेंट में मुड़िला और पड़ड़ी के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में मुड़िला की टीम ने 70 रन से शानदार जीत दर्ज की। मैच में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मुकाबला देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी मैदान पर जुटे रहे। दोनों टीमों के बीच जीत के लिए कड़ा संघर्ष देखने को मिला, लेकिन मुड़िला की टीम ने हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए मैच अपने नाम कर लिया। जीत के बाद खिलाड़ियों और समर्थकों में उत्साह का माहौल रहा। विजेता टीम के खिलाड़ियों का ग्रामीणों ने स्वागत कर हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कहा कि इस तरह के खेल आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच मिलता है और युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में आलोक सिंह, आकाश पटवा तथा ग्राम पंचायत महादेवा के ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मैच के दौरान खेल भावना और अनुशासन भी देखने को मिला, जिसकी लोगों ने सराहना की।

# नाराज किसानों ने रोका रेलवे लाइन का काम, मुआवजा न मिलने पर विरोध

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। खलीलाबाद से बहराइच नई रेलवे लाइन बिछाने के लिए मिट्टी भराई का काम छितौना गांव में किसानों ने शुक्रवार को रुकवा दिया। आरोप है कि उन्हें मुआवजा नहीं मिला है। मुआवजा देने के बाद मिट्टी पटाई आदि कार्य किया जाए। विवाद की सूचना पर मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार महबूब आलम ने किसानों से बातचीत कर समस्याएं सुनीं। जिन किसानों को मुआवजा नहीं मिला है, उनके खेत में मिट्टी पटाई नहीं करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद बाकी स्थलों पर पटाई दुबारा शुरू हो गई। बताते चलें कि छितौना गांव के किसान श्रावण कुमार, रामकृष्ण सहित कई किसानों का कहना है कि खलीलाबाद से बहराइच को जाने वाली नई रेलवे लाइन के लिए उनके खेत का अधिग्रहण किया गया है, लेकिन अभी तक उन्हें मुआवजा नहीं मिला है। इसकी शिकायत इन लोगों ने कुछ दिन पूर्व जिलाधिकारी से की थी। आरोप है कि इसके बावजूद श्रम उखाड़ कर उनके खेतों में बिना मुआवजा दिए ही रेलवे ने पटाई शुरू कर दी थी, जिसकी शिकायत पर मौके पर पहुंचे किसानों ने काम को रोक दिया। इसके बाद ठेकेदार ने एसडीएम को सूचना दी, जिस पर एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार महबूब आलम, राजस्व निरीक्षक व पुलिस बल मौके पर पहुंचा। नायब तहसीलदार महबूब आलम ने बताया कि जिन किसानों को अभी मुआवजा नहीं मिला है, उनके खेत में मिट्टी पटाई नहीं की जाएगी। किसानों का कहना है कि खेत टूट चुका है। रेलवे ट्रैक को मिट्टी पटाई के लिए जाने वाले वाहनों का रास्ता भी रोक दिया गया। बिना मुआवजा मिले खेत में गिर रही मिट्टी को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। मिट्टी पटाई का कार्य बंद हो गया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं–बालिकाओं को किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के




तहत थाना कठेला समय माता की मिशन शक्ति टीम ने शनिवार को थाना क्षेत्र के ग्राम धोबहा में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। इस दौरान महिला अपराध, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए गए। सीओ मयंक द्विवेदी तथा प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार के नेतृत्व में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं को केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, निराश्रित महिला पेंशन योजना तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना समेत अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस, 101 अग्निशमन सेवा और 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर इनके उपयोग के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर उपनिरीक्षक शिवशंकर शर्मा, हेड कांस्टेबल विनीत शुक्ला, महिला कांस्टेबल करिश्मा और महिला कांस्टेबल रितिका त्रिपाठी मौजूद रहीं।

# वैनिटी वैन की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस : पूनम ढिल्लों की अनसुनी कहानी



बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री पूनम ढिल्लों 64 वर्ष की हो गई हैं। पूनम ढिल्लों का जन्म 18 अप्रैल 1962 को उत्तरप्रदेश के कानपुर में हुआ था। उनके पिता अमरीक सिंह भारतीय वायु सेना में विमान इंजीनियर थे। पूनम ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चंडीगढ़ कार्मेल कान्वेंट हाई स्कूल से पूरी की।

1977 में पूनम ढिल्लो को अखिल भारतीय सौन्दर्य प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का अवसर मिला, जिसमें वह पहले स्थान पर आईं। इस बीच पूनम की खूबसूरती से प्रभावित होकर निर्माता–निर्देशक यश चोपड़ा ने अपनी फिल्म त्रिशूल में उनसे काम करने की पेशकश की, लेकिन उन्होंने इस पेशकश को अस्वीकार कर दिया।

इसके बाद पंजाब यूनिवर्सिटी में कार्यरत उनके करीबी दोस्त गार्गी ने उन्हें समझाया कि फिल्मों में काम करना कोई बुरी बात नहीं है। पूनम ढिल्लो के परिजनों ने उन्हें इस शर्त पर फिल्मों में काम करने की इजाजत दी कि वह स्कूल की छुट्टियों के दौरान ही फिल्मों में एक्टिंग करेंगी।

# साइबर सेल की सक्रियता से पीड़ित के खाते में लौटे ठगी के 1280 रुपये

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। थाना जोगिया उदयपुर की साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के शिकार एक व्यक्ति के 1280 रुपये वापस कराए हैं। नौकरी दिलाने के नाम पर यूपीआई के जरिए ठगी का शिकार हुए पीड़ित को पुलिस की पहल से राहत मिली। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर साइबर अपराध और साइबर क्राइम रिकवरी अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र के मजिगावां निवासी माता प्रसाद ने 12 अप्रैल को एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे यूपीआई के माध्यम से 1280 रुपये ले लिए गए,




लेकिन न नौकरी मिली और न ही धनराशि वापस हुई। शिकायत की जांच के दौरान थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में प्रभारी साइबर सेल उपनिरीक्षक अवधेश यादव और टीम ने कार्रवाई करते हुए ठगी की रकम पीड़ित के खाते में वापस करा दी। इस सराहनीय कार्य में कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–ए सेनजीत निषाद और कांस्टेबल अजीत यादव की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

# सीमा पर पेट्रोल पंपों पर बढ़ी भीड़, तस्करी की आशंका तेज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर/लोटन। भारत–नेपाल सीमा से सटे पेट्रोल पंपों पर इन दिनों डीजल और पेट्रोल की खपत तेजी से बढ़ गई है, जिससे लंबी कतारें लग रही हैं। वाहन चालकों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। नेपाल में ईंधन की कीमत भारत की तुलना में अधिक होने के कारण सीमा क्षेत्र में दबाव बढ़ा है और तस्करी की आशंका भी गहराने लगी है।पेट्रोल पंपों पर अब वाहनों के बजाय कैन, ड्रम और अन्य बर्तनों में तेल लेने वालों की संख्या ज्यादा दिखाई दे रही है। इससे आम वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इटवा, बढ़नी और मल्हनी क्षेत्र के कई पंपों पर तेल खत्म होने जैसी स्थिति भी बन रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नेपाल से लोग बाइक के जरिए भारत आकर पेट्रोल भरवाते हैं और उसे वहां ऊंचे दाम पर बेचते हैं। कीमतों में अंतर इसका मुख्य कारण है। जानकारी के मुताबिक नेपाल में डीजल करीब 234 रुपये (नेपाली) और पेट्रोल भारतीय दरों से लगभग 40 रुपये महंगा है, जिससे अवैध कारोबार को बढ़ावा मिल रहा है। इसी बीच एसएसबी 43वीं वाहिनी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सीमा क्षेत्र से दो लोगों को 57 लीटर पेट्रोल के साथ पकड़ा गया। दोनों आरोपी पेट्रोल को नेपाल ले जाकर बेचने की फिराक में थे। बरामद पेट्रोल जब्त कर आरोपियों को कस्टम के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।


## कार्यालय : ग्राम पंचायत- करमहिया, वि.ख.- मिठवल, जनपद- सिद्धार्थनगर

### निविदा/आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत– **करमहिया** विकसित भारत गारन्टी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) VB-G RAM G/पंचम वित्त/सष्ठम वित्त/15 वां/16 वां वित्त/स्वच्छ भारत निशन/केन्द्रीय वित्त आयोग विधायक निधि/सांसद निधि/आगनबाड़ी/सामुदायिक शौचालय/प्राथमिक विद्यालय पर शौचालय/पंचायत भवन/अन्त्योष्टि स्थल विकास निर्माण कार्य/छठ पूजा घाट/खेल मैदान/वाटर सप्लाई एवं अन्य निधि के अनतर्गत वर्ष 2026–27 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट इन्टरलाकिंग, ईट, ईट टुकड़ा, महीन बालू, सिमेंट, मोरंग, बालू व वर्मी कम्पोस्ट एवं हयूम पाईप सरिया, पेन्ट, वांयरिंग, पत्थर गिटी, सोलर लाईट स्ट्रीट लाईट ठेला कुदाल झाडू ब्लीचिंग पाउडर चूना कूड़ादान फांगिग मशीन झाड़ी झंखाड़ कटाई/नाली सफाई एवं कूड़ा निस्तारण कार्य एस०एल०डब्लू०एम०/ई०बी०आर० के तहत प्लास्टिक बैग, गणक स्थायी कचरा समाग्री इण्डिया मार्का–2 हैण्ड पम्प रिबोर/मरम्मत ईट की गिट्टी इत्यादि सामाग्री से सम्बन्धित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म ईट भटठा मालिक/आपूर्ति कर्ता दिनांक 21/04/2026 को 02 बजे तक आपूर्ति हेतू निविदा दर पर एवं वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत **करमहिया** के निविदा बाक्स में डाल सकते है। निविदा दिनांक 21/04/2026 को अपराहन 04 बजे तक गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताए पूर्ण की जायेगी। धरोहर की धन राशि 2000 रु० होगी। **नियम व शर्त** :– 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगॉ उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा। 3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी। 7. सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा। 8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।,निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 10.स्वीकृति आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **करमहिया** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **करमहिया** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/– रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।

**राजपाती**
**ग्राम प्रधान/अध्यक्ष**
**ग्राम पंचायत–करमहिया**
**वि.ख. – मिठवल**

**जनकनन्दनी**
**ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**ग्राम पंचायत–करमहिया**
**वि.ख. – मिठवल**

## कार्यालय : ग्राम पंचायत- जाजरगठिया, वि.ख.- बांसी, जनपद- सिद्धार्थनगर

### निविदा/आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत– **जाजरगठिया** विकसित भारत गारन्टी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) VB-G RAM G/पंचम वित्त/सष्ठम वित्त/15 वां/16 वां वित्त/स्वच्छ भारत निशन/केन्द्रीय वित्त आयोग विधायक निधि/सांसद निधि/आगनबाड़ी/सामुदायिक शौचालय/प्राथमिक विद्यालय पर शौचालय/पंचायत भवन/अन्त्योष्टि स्थल विकास निर्माण कार्य/छठ पूजा घाट/खेल मैदान/वाटर सप्लाई एवं अन्य निधि के अनतर्गत वर्ष 2026–27 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट इन्टरलाकिंग, ईट, ईट टुकड़ा, महीन बालू, सिमेंट, मोरंग, बालू व वर्मी कम्पोस्ट एवं हयूम पाईप सरिया, पेन्ट, वांयरिंग, पत्थर गिटी, सोलर लाईट स्ट्रीट लाईट ठेला कुदाल झाडू ब्लीचिंग पाउडर चूना कूड़ादान फांगिग मशीन झाड़ी झंखाड़ कटाई/नाली सफाई एवं कूड़ा निस्तारण कार्य एस०एल०डब्लू०एम०/ई०बी०आर० के तहत प्लास्टिक बैग, गणक स्थायी कचरा समाग्री इण्डिया मार्का–2 हैण्ड पम्प रिबोर/मरम्मत ईट की गिट्टी इत्यादि सामाग्री से सम्बन्धित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म ईट भटठा मालिक/आपूर्ति कर्ता दिनांक 21/04/2026 को 09 बजे तक आपूर्ति हेतू निविदा दर पर एवं वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत **जाजरगठिया** के निविदा बाक्स में डाल सकते है। निविदा दिनांक 21/04/2026 को अपराहन 11 बजे तक गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताए पूर्ण की जायेगी। धरोहर की धन राशि 2000 रु० होगी। **नियम व शर्त** :– 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगॉ उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा। 3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी। 7. सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा। 8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।,निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 10.स्वीकृति आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **जाजरगठिया** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **जाजरगठिया** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/– रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।

**सत्यविजय**
**ग्राम प्रधान/अध्यक्ष**
**ग्राम पंचायत–जाजरगठिया**
**वि.ख. – बांसी**

**मुनिराम वर्मा**
**ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**ग्राम पंचायत–जाजरगठिया**
**वि.ख. – बांसी**

## कार्यालय : ग्राम पंचायत- मैनहवां, वि.ख.- खुनियावं, जनपद- सिद्धार्थनगर

### निविदा/आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत– **मैनहवां** विकसित भारत गारन्टी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) VB-G RAM G/पंचम वित्त/सष्ठम वित्त/15 वां/16 वां वित्त/स्वच्छ भारत निशन/केन्द्रीय वित्त आयोग विधायक निधि/सांसद निधि/आगनबाड़ी/सामुदायिक शौचालय/प्राथमिक विद्यालय पर शौचालय/पंचायत भवन/अन्त्योष्टि स्थल विकास निर्माण कार्य/छठ पूजा घाट/खेल मैदान/वाटर सप्लाई एवं अन्य निधि के अनतर्गत वर्ष 2026–27 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट इन्टरलाकिंग, ईट, ईट टुकड़ा, महीन बालू, सिमेंट, मोरंग, बालू व वर्मी कम्पोस्ट एवं हयूम पाईप सरिया, पेन्ट, वांयरिंग, पत्थर गिटी, सोलर लाईट स्ट्रीट लाईट ठेला कुदाल झाडू ब्लीचिंग पाउडर चूना कूड़ादान फांगिग मशीन झाड़ी झंखाड़ कटाई/नाली सफाई एवं कूड़ा निस्तारण कार्य एस०एल०डब्लू०एम०/ई०बी०आर० के तहत प्लास्टिक बैग, गणक स्थायी कचरा समाग्री इण्डिया मार्का–2 हैण्ड पम्प रिबोर/मरम्मत ईट की गिट्टी इत्यादि सामाग्री से सम्बन्धित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म ईट भटठा मालिक/आपूर्ति कर्ता दिनांक 23/04/2026 को 01 बजे तक आपूर्ति हेतू निविदा दर पर एवं वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत **मैनहवां** के निविदा बाक्स में डाल सकते है। निविदा दिनांक 23/04/2026 को अपराहन 02 बजे तक गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताए पूर्ण की जायेगी। धरोहर की धन राशि 2000 रु० होगी। **नियम व शर्त** :– 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगॉ उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा। 3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी। 7. सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा। 8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।,निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 10.स्वीकृति आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **मैनहवां** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **मैनहवां** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/– रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।

**तसस्वर हुसैन**
**ग्राम प्रधान/अध्यक्ष**
**ग्राम पंचायत–मैनहवां**
**वि.ख. – खुनियावं**

**देवदत्त चौधरी**
**ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**ग्राम पंचायत–मैनहवां**
**वि.ख. – खुनियावं**

# एम एल के कॉलेज वनस्पति विज्ञान विभाग में करियर काउंसलिंग पर व्याख्यान का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बलरामपुर।** एम एल के पीजी कालेज में शनिवार को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा प्रबंध समिति के सचिव रिटायर्ड कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय जी की अध्यक्षता, महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय की मौजूदगी एवं विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन के नेतृत्व में वनस्पति विज्ञान में कैरियर के अवसर विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता गिरजेश कुमार दूबे, असिस्टेंट कमिश्नर (फूड सेफ्टी एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) थे तथा विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता खान यासमीन जे मौजूद रहे। वनस्पति विज्ञान विभाग एम एल के पीजी कॉलेज, बलरामपुर एवं कैरियर काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वाधान में "वनस्पति विज्ञान में कैरियर के अवसर" विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान आयोजित किया गया। इस आयोजन ने छात्र छात्राओं को वनस्पति विज्ञान, में कैरियर की संभावनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी और उन्हें अपने भविष्य के मार्ग का चयन करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत में विभागाध्यक्ष डॉ




राजीव रंजन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज का ये कार्यक्रम निश्चित ही छात्रों के लिए प्रेरणादायक होगा तथा भविष्य में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करेगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गिरजेश कुमार दूबे, असिस्टेंट कमिश्नर (फूड सेफ्टी एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) और खान यासमीन सीएसआईआर जेआरएफ थे, जिन्होंने अपने अनुभवों और विशेषज्ञता से समृद्ध जानकारी साझा की। दूबे ने प्रशासनिक सेवा तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि समय प्रबंधन और ईमानदारी से हम बड़ी से बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकते हैं । खान यासमीन ने नेट की परीक्षा के बारे में छात्र छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कैसे समय प्रबंधन से नेट जेआरएफ को उत्तीर्ण किया जा सकता है वनस्पति विज्ञान के साथ साथ बायो केमिस्ट्री, बायो टेक्नोलॉजी व अन्य विषयों की पढ़ाई करना भी आवश्यक होता है। नेट जेआरएफ के माध्यम से आईएएस और पीसीएस जैसी परीक्षाएं भी पास की जा सकती हैं । कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को वनस्पति विज्ञान, में कैरियर के विकल्पों के बारे में बताया गया, तथा विभिन्न अवसरों का उल्लेख किया गया। दोनों वक्ताओं ने छात्र छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सचिव कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय ने सभी छात्र–छात्राओं को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी छात्र–छात्राएं सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें तथा समाज और राष्ट्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। प्राचार्य प्रो जे पी पांडेय ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम ने छात्र छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण दिशा प्रदान की है, जिसमें उन्हें वनस्पति विज्ञान में अपने करियर के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त हुई। इस तरह के प्रेरणादायक व्याख्यान न केवल छात्र–छात्राओं को सही मार्गदर्शन देते हैं, बल्कि उन्हें अपनी शैक्षिक यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित भी करते हैं। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन देते हुए डॉ. मो० अकमल ने, वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रमुख, ने वक्ताओं का आभार व्यक्त किया और छात्र छात्राओं को इस दिशा में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के आयोजन में करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ. रिषी रंजन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने छात्र–छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया ।कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने भी इस अद्भुत अवसर का भरपूर लाभ उठाया और कई महत्वपूर्ण सवाल पूछे, जिससे उनके दिमाग में चल रहे विचारों को स्पष्ट किया जा सका। कार्यक्रम का संचालन डॉ शिव महेंद्र सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में राहुल यादव, राहुल कुमार, व विभाग के अन्य लोगों ने प्रतिभाग किया।

## महिला आरक्षण विधेयक पर कांग्रेस का आभार कार्यक्रम, महिला नेताओं ने जताई खुशी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। महिला आरक्षण विधेयक को लेकर कांग्रेस और सहयोगी दलों के समर्थन में बहराइच में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की। कांसीराम कॉलोनी, फुटहा कुआं पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं ने भाग लिया। महिला कांग्रेस नेत्री मालती पासवान ने कहा कि यह कदम कमजोर वर्ग की महिलाओं के अधिकारों की रक्षा की दिशा में ऐतिहासिक है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी सहित अन्य नेताओं को पत्र भेजकर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार पर महिलाओं के सम्मान को लेकर सवाल उठाए गए। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता की कमी है। कांग्रेस नेता विनय सिंह ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास महिलाओं को नेतृत्व देने का रहा है। उन्होंने इन्दिरा गांधी, सुचेता कृपलानी, प्रतिभा पाटिल और मीरा कुमार जैसी नेताओं का उदाहरण दिया महिला नेत्री तबस्सुम बेगम ने कहा कि महिलाओं को केवल प्रतीक बनाकर रखने की बजाय उन्हें सत्ता में वास्तविक भागीदारी दी जानी चाहिए। देवी वर्मा ने कहा कि देश की महिलाएं अब अधिकारों को लेकर जागरूक हो चुकी हैं और उन्हें सत्ता में हिस्सेदारी चाहिए। कार्यक्रम में गीता विश्वकर्मा ने महिला आरक्षण विधेयक से जुड़े घटनाक्रम पर सवाल उठाते हुए राजनीतिक रणनीति पर भी टिप्पणी की। इस दौरान कई स्थानीय कार्यकर्ताओं और नेताओं ने विपक्षी दलों के नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रूबी अहद, राधा रानी, गुड़िया गुप्ता, कुसुम चौहान, रवीन्द्र स्वरूप, जावेद अहमद, एम. शफीक, कलीम खान, मुकीम, विशुन कुमार पाल और रूदल निषाद सहित कई लोग मौजूद रहे।



## ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु वाहनों में अवैध रूप से लगाए मॉडिफाइड साइलेंसरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। गोन्डा जनपद में सड़क सुरक्षा एवं ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर परिवहन विभाग द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एआरटीओ (प्रशासन) के नेतृत्व में चेकिंग अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें विभागीय टीम ने जिले के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर व्यापक निरीक्षण किया।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वाहनों में अवैध रूप से लगाए गए मॉडिफाइड साइलेंसरों के खिलाफ कार्रवाई करना तथा ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करना था। चेकिंग के दौरान कई ऐसे वाहन पाए गए,जिनमें नियमों के विपरीत तेज आवाज उत्पन्न करने वाले साइलेंसर लगाए गए थे।ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से चालान की कार्रवाई की गई तथा कुछ मामलों में साइलेंसरों को मौके पर ही हटवाया गया।एआरटीओ (प्रशासन) आर.सी. भारतीय ने बताया कि मॉडिफाइड साइलेंसर न केवल ध्वनि प्रदूषण बढ़ाते हैं,बल्कि आम जनमानस के लिए असुविधा एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का कारण भी बनते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के अवैध संशोधनों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के प्रति कठोर कार्रवाई की जाएगी।अभियान के दौरान वाहन चालकों को जागरूक भी किया गया और उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। विभागीय अधिकारियों ने लोगों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा यातायात संकेतों का सम्मान करने की सलाह दी।परिवहन विभाग ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का अवैध परिवर्तन न करें और यातायात नियमों का शत–प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें। विभाग का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण यातायात व्यवस्था स्थापित करना है।इस प्रकार के अभियान से जनपद में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा तथा ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।




## बलरामपुर में 20 अप्रैल से विद्यालयों में लगेगा डिप्थीरिया का टीका

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद के विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को डिप्थीरिया से बचाव के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के दौरान दी। उन्होंने बताया कि दिनांक 20 अप्रैल 2026 (सोमवार) से जनपद के विभिन्न विद्यालयों में बच्चों को डिप्थीरिया का टीका लगाया जाएगा। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें स्कूलों में जाकर बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करेंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अधिक से अधिक बच्चों को टीकाकरण से आच्छादित किया जाए। साथ ही अभिभावकों को भी जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि डिप्थीरिया एक गंभीर संक्रामक बीमारी है, जिससे बचाव के लिए टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। इसलिए सभी अभिभावक अपने बच्चों को निर्धारित तिथि पर टीका अवश्य लगवाएं। जिला स्वास्थ्य समिति ने अपील की है कि विद्यालय प्रबंधन और अभिभावक इस अभियान में सहयोग करें, ताकि बच्चों को इस बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

## जेसीबी की रात भर गड़गड़ाहट में ग्रामीण, अवैध खनन पर मेहरबान अधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। गोन्डा जनपद में तो अवैध खनन पर ध्यान देने वाला कोई नहीं है लगातार खनन के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना हुआ है यह भी कहना है कि अवैध खनन को लेकर खनन अधिकारी को जानकारी देने के बावजूद कार्यवाही में हिला हवाली कहीं न कहीं जिम्मेदार के मिली भगत की ओर इशारा करता है।हाल में अवैध खनन की खबर पर तत्काल कार्यवाही का न होना कहीं न कहीं खनन अधिकारी पर सवालिया निशान लगा रहा है,वहीं खनन विभाग के निष्क्रियता और जवाबों के कारण खननकर्ता मन बढ़ हो चुके हैं जिसका अंजाम यह है कि सायं 6 बजते ही खननकर्ता सक्रिय हो जाते हैं और खनन विभाग में लोग फोन कर जानकारी देते रहे जाते हैं,परन्तु खनन विभाग की कोई प्रक्रिया न होने पर लगता है की सांठगांठ रहती है वरना सिर्फ एक व्यक्ति के खनन करने की शिकायत पर खनन विभाग





शान्ति क्यों मार लेते हैं। स्थानीय जानकारों की मानें तो थाना कोतवाली देहात अन्तर्गत कई गांवों में खननकर्ता सक्रिय है और डम्फर भरने का काम धड़ल्ले से कर रहे हैं खनन अधिकारी जब ग्रामीणों द्वारा जानकारी दी जाती है तो अन्य बात कहकर मामले को दबा देने का काम बाखूबी निभाते हैं।यह सिर्फ सायं को अवैध खनन शुरू होकर रातभर खनन होता है परन्तु न पुलिस संज्ञान लेती है और न जिम्मेदार विभाग जबकि पिछले कुछ खननकर्ता पर जबरन कार्यवाही करके खनन विभाग वाहवाही लूट रहा था तो अब क्या सांठगांठ हो गई है कि कार्यवाही करने में मामले को आमजन की शिकायत बावजूद सब ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। ग्रामीणों में चर्चा है कि खननकर्ता का कहना है वह पुलिस और खनन अधिकारी को लाइन देते हैं जिससे जानकारी के बावजूद सिर्फ हिल्ला हवाली होती है कार्यवाही शून्य और राजस्व को चूना लगाकर रात भर ओवर लोड डंफर सड़कों पर फर्राटा भरते नजर आ रहे हैं।फिलहाल खननकर्ता मनबढ़ हो चुके हैं इक्का दुक्का लोगो पर कार्यवाही करके खनन विभाग सिर्फ वाहवाही लूट लेते बाद में लाखों का खेल चलता है।

## रायपुर राजा मोहल्ले में नाली जाम, गली में भर रहा गंदा पानी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। शहर के रायपुर राजा मोहल्ले में बाल शिक्षा निकेतन स्कूल के पास गंदगी और जलभराव की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण नाली पूरी तरह चोक हो गई है, जिससे गंदा पानी गली में फैल रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार आगे पानी का निकास सही तरीके से नहीं हो पा रहा, जिसके चलते पानी सड़क पर बह रहा है और आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। गली में फैली गंदगी और जमा पानी से दुर्गंध उठ रही है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। साथ ही मच्छरों के पनपने का खतरा भी बढ़ गया है, जिससे बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद भी नगर पालिका की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। नगर पालिका बहराइच का उदासीन रवैया लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। मोहल्ले के लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नाली की सफाई और जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके।



## बलरामपुर में आंगनवाड़ी भर्ती के पारदर्शी व्यवस्था पर भ्रष्टाचार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। यूपी की योगी सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए गांवों में आंगनवाड़ी कार्यकत्री और सहायिका की भर्ती मेरिट और गरीब लोगों को पात्रता के आधार पर करने का आदेश जारी किया है।बलरामपुर बाल विकास पुष्टाहार विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेखार खान और पचपेड़वा विकास खंड के सी डी पी ओ कमलेश यादव नियमों को ताक पर रखकर मनमानी तरीके से बिना मेरिट सूची जारी किए नियुक्ति पत्र बाट दिया। पचपेड़वा विकास खंड के नौबस्ता गांव में आंगनवाड़ी सहायिका का इंटर में प्रथम स्थान होने के बाद दूसरे महिला को नियुक्ति पत्र दे दिया।बिना मेरिट सूची के ।यही नहीं पूरे जनपद में कही भी मेरिट सूची चस्पा नहीं किया जिससे पारदर्शी व्यवस्था बनी रहे।इस बारे में जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेखार खान ने बताया मेरिट सूची चस्पा इसलिए नहीं करवाया क्योंकि कई लोग मार्का लगाकर अपना नाम डाल देते हैं और हमको जवाब देना पड़ता है।




# बहराइच में प्रधानों का प्रदर्शन : चुनाव टलने पर कार्यकाल बढ़ाने और मनरेगा भुगतान की उठी मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। बहराइच जिले के चितौरा, विशेश्वरगंज और हुजूरपुर ब्लॉक में पंचायत विकास मंच के बैनर तले प्रधानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार आवाज उठाई। प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रधानों ने मांग की कि यदि समय पर पंचायत चुनाव नहीं कराए जाते हैं, तो वर्तमान प्रधानों को ही प्रशासक के रूप में कार्यभार सौंपते हुए उनका कार्यकाल बढ़ाया जाए। साथ ही, मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों का बकाया भुगतान कार्यकाल समाप्त होने से पहले सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। कार्यक्रम के दौरान संयोजक सूरज शुक्ला, डॉ. श्याम चौधरी, प्रधान संघ अध्यक्ष भगवान दिन मिश्रा, राम सुन्दर पांडे, सूर्य प्रकाश सिंह (बुल्लू सिंह), मंगल दास, विजय शुक्ल, राम छबीले निषाद, राम कोमल निषाद, राम कुमार यादव, राजेंद्र यादव, बृजेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष हुजूरपुर संतोष तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष विशेश्वरगंज आज्ञा राम तिवारी तथा जिला मंत्री पवन पाठक सहित बड़ी संख्या में प्रधान मौजूद रहे। प्रधानों ने बताया कि मनरेगा 2005 अधिनियम के तहत पहले कराए गए कार्यों का भुगतान लंबे समय से लंबित है। श्रमांश और सामग्री मद में करोड़ों रुपये बकाया होने के कारण सप्लाई करने वाली फर्मों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे प्रधानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि 26 मई 2026 को प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। यदि समय रहते भुगतान नहीं हुआ तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रदेश की पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 और 19 जुलाई 2026 को समाप्त हो रहा है, जबकि मतदाता सूची पुनरीक्षण में देरी, पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होना और आरक्षण के लिए आवश्यक 'ट्रिपल टेस्ट'








प्रक्रिया अधूरी होने के कारण समय पर चुनाव कराना मुश्किल नजर आ रहा है। प्रधानों ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि स्थानीय निकायों में आरक्षण लागू करने के लिए 'ट्रिपल टेस्ट' अनिवार्य है। उन्होंने मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड जैसे राज्यों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां ऐसी परिस्थितियों में निर्वाचित प्रतिनिधियों को ही कार्य जारी रखने दिया गया। पंचायत विकास मंच ने चेतावनी दी कि यदि बाहरी प्रशासकों की नियुक्ति की गई तो यह लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ होगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि लोकतंत्र की भावना को बनाए रखने के लिए वर्तमान प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाया जाए। इस दौरान नवाबगंज ब्लॉक में भी बड़ी संख्या में प्रधान और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम एसपी ने सुनी फरियादियों की फरियाद

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। शनिवार को रूधौली तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस कुल 64शिकायती प्रार्थना पत्र आया जिसमें 07मामलो का मौके पर निस्तारण किया गया सबसे ज्यादा शिकायत राजस्व विभाग 32, पुलिस विभाग 09, विधुत विभाग 08, पूर्ति विभाग 09, विकास विभाग 04 उपनिबंधक 01,नहर विभाग 01शिकायते प्राप्त हुआ इस अवसर पर उपजिलाधिकारी रूधौली मनोज कुमार प्रकाश, तहसीलदार रूधौली रवि यादव, नायब तहसीलदार रूधौली,मुख्य चिकित्साधिकारी राजीव निगम,डी पी आरओ घनश्याम सागर,,डी सी मनरेगा संजय शर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुधौली आनंद मिश्रा, खाद्य पूर्ति निरीक्षक प्रवीण कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार व अधिकारी / कर्मचारी रहे सामिल।



# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये सरकार काम कर रही है : विधायक अनिल मौर्य

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विकासखंड करमा के सभागार में शनिवार को घोरावल विधायक डॉ अनिल कुमार मौर्य ने नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत विकास खंड के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में क्षेत्र पंचायत निधि एवं विधायक निधि द्वारा कराए गए 16 कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही विधायक ने राष्ट्रीय राज्य आजीविका मिशन के तहत 32 उत्पादक समूहों की इकाई का वर्चुअल उद्घाटन भी किया। इस मौके पर विकास खंड करमा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्राम पंचायतों के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली समूह की महिलाओं और प्रधानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में चल रहे प्रयास को बताते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार धन उपलब्ध करा रही है और वे समूह के माध्यम से अपनी आजीविका चलाकर परिवार का भ रण पोषण कर सकती हैं ।आगे उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार नारियों को आगे बढ़ाने के लिए विधेयक बिल पास करना चाहती थी जिसे विपक्षी दलों ने पास नहीं होने दिया ।अब भाजपा चट्टी चौराहो पर इसे उजागर करने का काम करेगी ।महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्वावलंबन की दिशा में सरकार हमेशा काम कर रही है ।खंड विकास अधिकारी गुरु शरन श्रीवास्तव ने शासन द्वारा जारी जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए समूह की महिलाओं का आह्वान किया कि वे जनता की समस्याओं को ब्लॉक तक पहुंचाएं और शासन की नीतियों को घर–घर तक पहुंचाने का काम करें ।वृद्धा, विधवा , दिव्यांग पेंशन, सामूहिक विवाह योजना, आवास जैसी तमाम योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाली संगीता पटेल, रानू सिंह, मंजू मौर्य जानकी सरोज ,मधुबाला ,गीता प्रियंका, इंदू, सीमा , समेत दर्जनों महिलाओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया ।उक्त अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सीमा देवी ,मंडल अध्यक्ष आशुतोष सिंह, विशाल सिंह, मंजू गिरी , गुड़िया देवी ,रविंद्र बहादुर सिंह , ए , डी, ओ, पंचायत पंचायत बृजेश कुमार सिंह ,सुनील कुमार ,ऋषि कुमार ,श्याम बिहारी, अजय कुमार पासवान ,विकास विश्वकर्मा प्रमुख प्रतिनिधि राम आधार, रंजन मौर्य ,जगदीश कुमार, अनूप कुमार सिंह ,अमरनाथ मौर्या, समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विंध्यवासिनी मिश्र लहरी ने किया।




## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर बस को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

दैनिक बुद्ध का संदेश




सोनभद्र। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर आयोजित यात्रा के तहत जनपद से प्रतिभाग करने जा रहे यात्रियों की बस को आज जिलाधिकारी श्री बी.एन. सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा न केवल सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि जनपद की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने का भी एक सशक्त माध्यम है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद से कुल 10 प्रतिभागी इस सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा में सम्मिलित हो रहे हैं। यह यात्रा 19 अप्रैल को लखनऊ पहुंचेगी, जहां आयोजित कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इसके पश्चात यह दल सोमनाथ, गुजरात के लिए प्रस्थान करेगा और 21 अप्रैल को वहां पहुंचेगा। सोमनाथ में 22 एवं 23 अप्रैल को आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रमों में जनपद के प्रतिभागी सक्रिय रूप से भाग लेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी ने यात्रियों को जनपद सोनभद्र के पर्यटन स्थलों पर आधारित पुस्तिकाएं भी भेंट कीं। उन्होंने निर्देशित किया कि इन पुस्तिकाओं का वितरण सोमनाथ में किया जाए तथा वहां के लोगों को सोनभद्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी दी जाए, जिससे अधिक से अधिक पर्यटक जनपद की ओर आकर्षित हो सकें। इस मौके पर पीडी डीआरडीए एस. के. राय, सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, एडीएम (वित्त/राजस्व) तथा डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिव्यदोष मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## फायर फाइटिंग विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय



ओबरा में राष्ट्रीय कैडेट कोर के लिए महाविद्यालय परिसर में फर्स्ट एड फायर फाइटिंग विषय पर एक प्रभावी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों एवं आमजन को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए जागरूक एवं प्रशिक्षित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रशिक्षक सीआईएसएफ सब–इंस्पेक्टर अमित कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद दिए गए सही उपचार से व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। कैडेट्स को चोट, जलने, बेहोशी, रक्तस्राव आदि स्थितियों में प्राथमिक उपचार देने के विभिन्न तरीके सिखाए गए । इसके पश्चात फायर फाइटिंग सत्र में आग लगने की स्थिति में बचाव के उपायों और अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने आग के प्रकारों एवं उन्हें बुझाने के अलग–अलग तरीकों का प्रदर्शन किया ।इस दौरान कैडेट्स ने स्वयं अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग कर आग बुझाने का अभ्यास किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं, बल्कि आपदा के समय दूसरों की सहायता करने के लिए भी प्रेरित करते हैं ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ उपेन्द्र कुमार, डॉ विभा पांडेय, एनएसएस नोडल एवं एएनओ डॉ सचिन कुमार, एनसीसी कैडेट्स में अदिति, रघुराज, अमन, सादिर, हरिचरण, साधना, अंजलि, प्रिया, ज्योति, रंगीली, यश अवस्थी सहित सैकड़ों एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहें।

## डी बी ए द्वारा मानवाधिकार न्यायालय सोनभद्र का गठन करने की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश



सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने जनपद एवं सत्र न्यायाधीश जनपद सोनभद्र को एक पत्र देकर मांग किया कि उत्तर प्रदेश के शासन की अधिसूचना संख्या –ए –20/सात –न्याय –8–05–36–जी /2000 लखनऊ दिनांकित 25 मई 2005 के अनुसार जनपद में अपर जिला जज कोर्ट संख्या–एक को न्यायालय मानवाधिकार न्यायालय का अधिकार प्राप्त है, लेकिन अपर जिला जज कोर्ट नंबर 1 मानवाधिकार न्यायालय के रूप में अभी तक कार्य नहीं कर रहा है और ना ही मानवाधिकार से संबंधित कोई अलग से कार्यालय है उपरोक्त स्थिति को देखते हुए आपसे अनुरोध है कि अपर जिला जज कोर्ट संख्या एक को मानव अधिकार न्यायालय के रूप में कार्य करने के लिए निर्देशित करने की कृपा करें साथ ही इसका अलग कार्यालय स्थापित किए जाने की मांग की जिसे न्यायालय कार्य सुचारू रूप से कार्य कर सके! जिससे यहां पर मानवाधिकार से संबंधित केस न्यायालय में दाखिल कर अपने मानवाधिकार हनन रुक सके इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार यादव, अमित वर्मा, टीटू प्रसाद गुप्ता एड, अरुण कुमार गुप्ताएड,आदर्श पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## महसी तहसील में सम्पन्न हुआ "सम्पूर्ण समाधान दिवस", डीएम व एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

दैनिक बुद्ध का संदेश




बहराइच। जनपद बहराइच के सभी तहसीलों में शनिवार को "सम्पूर्ण समाधान दिवस" का आयोजन किया गया। इसी क्रम में तहसील महसी में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध एवं विधिक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही निस्तारित प्रार्थना पत्रों की रिपोर्ट समय से प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। कुछ जटिल मामलों के समाधान हेतु मौके पर ही टीम गठित कर जांच के लिए रवाना किया गया, ताकि शिकायतों का शीघ्र निस्तारण हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित राजस्व व प्रशासनिक विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये सुनिश्चित–जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में अप्रैल महीने के तृतीय शनिवार को ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस रावटसगंज में जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को बड़े ही सरल भाव से सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्यादातर मामले भूमि से संबंधित प्राप्त हुए, भूमि से संबंधित मामले को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों का निस्तारण भी कराया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाये। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी अपने–अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित होते हुए जनमानस के शिकायतों का निस्तारण समय से करना सुनिश्चित करेंगें। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आई0जी0 आर0एस0, सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके, शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने रावटसगंज 79 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 09 मामलें निस्तारित किये गये इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमेन्त कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज कुमार राय, परियोजना अधिकारी डूडा सुधांशु शेखर शर्मा, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें। सम्पूर्ण समाधान दिवस दूधी उप जिलाधिकारी दूधी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकर्ताओं की 31 शिकायतों को सुना गया 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर किया गया इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेज गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।–सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल का आयोजन अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना–पत्रों का निस्तारण किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष त्रिपाठी तहसीलदार आदि ने 60 शिकायतों को सुनते हुए प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा का आयोजन उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम 48 प्रार्थना– पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 02 का निस्तारण किया गया 46 मामले हेतु सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस प्रकार से चारों तहसीलों के संपूर्ण समाधान दिवस में 218 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मौके पर 12 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया ।

## इटवा में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवा। कस्बे के एक मैरिज हॉल में शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन विधानसभा सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं के आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के बिना देश का समग्र विकास संभव नहीं है। मुख्य वक्ता पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, प्रशासन और व्यवसाय समेत हर क्षेत्र में अपनी मजबूत भागीदारी निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त बनें। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और सामाजिक–आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर बल दिया गया। साथ ही महिलाओं से अपील की गई कि वे अपने अधिकारों को पहचानें और समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। सम्मेलन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

# नेपाल संसद की 12 समितियों के नवनिर्वाचित सभापतियों ने ली शपथ

दैनिक बुद्ध का संदेश

काठमांडू। नेपाल की प्रतिनिधि सभा की 10 तथा दो संयुक्त समितियों के नवनिर्वाचित सभापतियों ने शुक्रवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। सिंहदरबार स्थित संघीय संसद सचिवालय में आयोजित समारोह में सभामुख डोलप्रसाद अर्याल ने सभी सभापतियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपसभामुख रुवीकुमारी ठाकुर, कानून, न्याय एवं संसदीय मामलों की मंत्री सोबिता गौतम, राष्ट्रीय सभा की उपाध्यक्ष लीलाकुमारी भण्डारी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित सभापतियों में डॉ. कृष्णहरि बुढाथोकी (अर्थ समिति), सुम्निमा उदास (अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं पर्यटन समिति), रहवर अंसारी (उद्योग, वाणिज्य, श्रम एवं उपभोक्ता हित समिति), समीक्षा बास्कोटा (कानून, न्याय एवं मानवाधिकार समिति), हरि ढकाल (राज्य व्यवस्था एवं सुशासन समिति), भरतबहादुर खड़का (सार्वजनिक लेखा समिति), आकृति अवस्थी (महिला एवं सामाजिक मामला समिति), आशीष गजुरेल (पूर्वाधार विकास समिति), अशोक चौधरी (कृषि, सहकारी एवं प्राकृतिक स्रोत समिति), डॉ. ओजस्वी शेरचन (शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सूचना प्रौद्योगिकी समिति), बोधनारायण श्रेष्ठ (संसदीय सुनवाई संयुक्त समिति) और गणेश कार्की (राज्य के निर्देशक सिद्धांत संबंधी समिति) शामिल हैं। बताया गया कि शिक्षा समिति और राज्य के निर्देशक सिद्धांत संबंधी समिति में दो–दो उम्मीदवार होने के कारण ध्वनि मत से राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी के उम्मीदवार विजयी घोषित हुए। कुल 12 समितियों में से 11 में राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी के सांसद सभापति चुने गए, जबकि सार्वजनिक लेखा समिति की जिम्मेदारी विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के भरतबहादुर खड़का को सौंपी गई। शपथ ग्रहण के बाद सभी नवनिर्वाचित सभापतियों ने अपने–अपने समिति कार्यालय में पदभार भी ग्रहण कर लिया।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रकः– श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक– राजेश कुमार शर्मा
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458 9415163471, 9453824459 दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# ग्लोरी ट्रेलर लॉन्च बना यादगार, पुलकित सम्राट ने बॉक्सर नीरज गोयत संग लाइव फाइट कर रचा इतिहास

रियल और रील के बीच की सीमाओं को तोड़ते हुए, अभिनेता पुलकित सम्राट ने श्ग्लोरीश के ट्रेलर लॉन्च पर प्रोफेशनल बॉक्सर नीरज गोयत के साथ एक जबरदस्त लाइव बॉक्सिंग मुकाबला कर सभी को चौंका दिया। यह हाई–एनर्जी फेस–ऑफ केवल एक प्रमोशनल स्टंट नहीं था, बल्कि एक असली और दमदार मुकाबला था।



इस फाइट ने दर्शकों को हैरान कर दिया और इंडस्ट्री का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। कड़ी तैयारी, अनुशासन और जज़्बे का परिचय देते हुए पुलकित न सिर्फ पूरे आत्मविश्वास के साथ रिंग में उतरे, बल्कि नीरज गोयत जैसे अनुभवी खिलाड़ी के साथ कदम से कदम मिलाकर मुकाबला भी किया।

फिलहाल इस उपलब्धि के साथ, पुलकित सम्राट प्रोफेशनल बॉक्सर के साथ लाइव बॉक्सिंग मैच खेलने वाले पहले भारतीय अभिनेता बन गए हैं, जो भारतीय सिनेमा के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। वैश्विक स्तर पर, अब वह टॉम हार्डी और जैक गिलेनहाल जैसे चुनिंदा कलाकारों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने ऐसा कारनामा किया है और साथ ही यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे विश्व के तीसरे अभिनेता बन गए हैं।

हालांकि बॉक्सिंग के इस पल को और खास बनाया रिंग में दिखाई गई खेल भावना और आपसी सम्मान। नीरज गोयत, जो अपनी बेहतरीन तकनीक और अंतरराष्ट्रीय पहचान के लिए जाने जाते हैं, ने मुकाबले के बाद पुलकित की मेहनत, हिम्मत और उस समर्पण की काफी सराहना की, जो एक अभिनेता के लिए असली फाइट सीन में उतरने के लिए जरूरी होता है।

दिलचस्प बात यह रही कि इस मुकाबले ने 'ग्लोरी' के ट्रेलर लॉन्च को एक अलग ही ऊर्जा और वास्तविकता दी, जो इस सीरीज़ के एक्शन–पैक्ड और इंटेंस अनुभव की झलक पेश कर रहा है। इसके अलावा इस तरह की साहसिक पहल के जरिए टीम ने फिल्म प्रमोशन के पारंपरिक तरीकों को नई परिभाषा दी है।

गौरतलब है कि रिंग में पुलकित का प्रदर्शन न सिर्फ 'ग्लोरी' के लिए उनके दर्शकों की उत्सुकता को बढ़ा रहा है, बल्कि उन्हें एक ऐसे कलाकार के रूप में स्थापित कर रहा है, जिनकी अपने काम के प्रति प्रतिबद्धता स्क्रीन से आगे जाकर असल जिंदगी में भी नजर आती है।फिलहाल इस ऐतिहासिक पल के साथ, 'ग्लोरी' ने अपनी शुरुआत एक दमदार अंदाज में कर दी है, जिसे दर्शक और इंडस्ट्री लंबे समय तक याद रखेंगे।

# कार्यालय : नगर पंचायत- कपिलवस्तु, जनपद- सिद्धार्थनगर

## अति अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर सीमान्तर्गत 15वाँ वित्त आयोग (निर्दिष्ट अनुदान) की प्राप्त धनराशि से जनहित में निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। ठेकेदारों/फर्मों से मुहरबन्द निविदा दिनांक 02/05/2026 को नगर पंचायत कपिलवस्तु कार्यालय पर निम्न शर्तों के अधीन समय 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिनांक को 05 लाख से अधिक की निविदा समय 04.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष जिलाधिकारी कार्यालय के एल०बी०सी पटल पर अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०)/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय द्वारा खोला जायेगा तथा उसी दिनांक को 05 लाख से कम की निविदा समय 03.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष कार्यालय नगर पंचायत कपिलवस्तु पर अधोहस्ताक्षरी/अध्यक्ष महोदया द्वारा खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य अदा करके दिनांक 30.1. 04/2026 तक प्राप्त किया जा सकता है। उक्त कार्य व अन्य शर्तो सम्बन्धी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्नवत है–

### 15वां वित्त आयोग की धनराशि से कराये जाने वाले निर्माण कार्य का विवरण

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि | कार्य की लागत धनराशि | 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 (रू0 में) | जमानत धनराशि 10 प्रतिशत | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | नगर पंचायत कपिलवस्तु वार्ड नं0 15 बुद्धनगर में सिकी पान के दुकान से पोखरे तक नाली निर्माण कार्य | 715375.00 | 606250.00 | 109125.00 | 60625.00 | 720.00 | छः माह |
| 2 | नगर पंचायत कपिलवस्तु वार्ड नं0 07 अटल नगर कटया में रामसजीवन के घर से कुला तक ढक्कन सहित आर०सी०सी० नाली निर्माण कार्य | 999336.00 | 846895.00 | 152441.00 | 84689.00 | 1000.00 | छः माह |
| 3 | नगर पंचायत कपिलवस्तु वार्ड नं0 06 शुद्धोधन नगर मो० कलवारी में गांव के पूरब से पोखरे तक नाली निर्माण कार्य | 997072.00 | 844976.00 | 152096.00 | 84497.00 | 1000.00 | छः माह |
| 4 | नगर पंचायत कपिलवस्तु वार्ड नं0 10 सुभाष नगर मो० महदेईया मेन सड़क के पश्चिम नाला तक नाली निर्माण कार्य | 939418.00 | 796117.00 | 143301.00 | 79611.00 | 1000.00 | छः माह |
| 5 | नगर पंचायत कपिलवस्तु वार्ड नं0 2 अम्बेडकर नगर मो बभनी में साधू के घर से गड्ढ़े तक नाली निर्माण कार्य | 710000.00 | 601695,00 | 108305.00 | 60169.00 | 720.00 | छः माह |
| 6 | नगर पंचायत कपिलवस्तु वार्ड नं0 05 सरदार पटेल नगर मो० रामदयालपुर में अकबाल के घर से कासिंग तक नाली निर्माण कार्य | 995941.00 | 844018.00 | 151923.00 | 84401.00 | 1000.00 | छः माह |
| 7 | नगर पंचायत कपिलवस्तु वार्ड नं0 09 शास्त्री नगर मो० सोनबरसा में लपेटू के घरसे मलखान के घर तक नाली निर्माण कार्य | 291846.00 | 247327.00 | 44519.00 | 24732.00 | 300.00 | छः माह |
| 8 | नगर पंचायत कपिलवस्तु वार्ड नं0 16 मो० अग्रसेन नगर में विशम्भर के घर से पुल तक नाली मरम्मत कार्य | 261470.00 | 221585.00 | 39885.00 | 22158.00 | 300.00 | छः माह |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कपिलवस्तु**
**जनपद- सिद्धार्थनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कपिलवस्तु**
**जनपद- सिद्धार्थनगर**

पत्रांक– 669(i)/न0पं0कपि0सि0नगर/2026–27 | दिनांक– 18/04/2026

# अक्षय कुमार की भूत बंगला ने पहले ही दिन मचाया धमाल, बॉक्स ऑफिस पर किया इतना कलेक्शन




अक्षय कुमार की श्भूत बंगलाश अपनी घोषणा के वक्त से ही सुर्खियों में थी, और इसके ट्रेलर ने इसकी बहुप्रतीक्षित हॉरर–कॉमेडी दुनिया की झलक दिखाई थी। हंसी और डर का बेहतरीन मिश्रण पेश करने वाली यह फिल्म एक शानदार फैमिली एंटरटेनर साबित होने का वादा करती है। अब फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है।

पहले ही दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर दबदबा बनाते हुए दुनिया भर में 21.60 करोड़ रुपए की कमाई की। भूत बंगला ने अपनी जोरदार कमाई के साथ उम्मीदों को पार कर लिया है। मजबूत चर्चा और दर्शकों की शानदार प्रतिक्रिया के चलते फिल्म ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 21.60 करोड़ का कलेक्शन किया है।

श्भूत बंगलाश ने पहले ही दिन के शानदार प्रदर्शन के साथ इसने सच में कमाल कर दिया है। खास बात यह है कि इस शानदार कलेक्शन के साथ इसने अक्षय कुमार की पिछली फिल्मों को भी पीछे छोड़ दिया है।

यह साफ दिखाता है कि फिल्म ने दर्शकों का दिल जीतना शुरू कर दिया है और शानदार ओपनिंग दर्ज की है। यह तो बस शुरुआत है, और आने वाले दिनों में भी फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर इसी तरह का दबदबा देखने लायक होगा।

बालाजी मोशन पिक्चर्स, जो कि बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक हिस्सा है, केप ऑफ गुड फिल्म्स के साथ मिलकर भूत बंगला प्रस्तुत करता है। फिल्म में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसका निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है और निर्माण अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर ने किया है।

# ऋचा चड्ढा ने फिल्मों की कास्टिंग पर उठाए सवाल, बोलीं– ऑथेंटिक टैलेंट को मिले मौका

निर्माता और अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने इंडस्ट्री में सवाल उठाया है कि फिल्ममेकर्स आखिर क्यों कमर्शियल कलाकारों को कास्ट करते हैं, जबकि न तो वे ऐसी फिल्मों के लिए बॉक्स ऑफिस खींच पाते हैं और न ही फेस्टिवल्स में कोई खास भरोसेमंद पहचान जोड़ते हैं।

भारतीय सिनेमा की मौजूदा स्थिति पर खुलकर बात करते हुए ऋचा ने कास्टिंग के इस लंबे समय से चले आ रहे विरोधाभास को सामने रखा। उन्होंने कहा, यदि कोई कलाकार आपकी फिल्म को थिएटर में ओपनिंग नहीं दिला रहा है और फेस्टिवल्स में भी कोई खास वज़न नहीं जोड़ रहा, तो फिर उसे फिल्म में लेने का फायदा क्या है।

ऋचा ने कहा, मैं किसी के खिलाफ नहीं बोल रही, लेकिन ट्रेनिंग लिए हुए कलाकार के साथ कम



से कम परफॉर्मेंस की क्वालिटी का भरोसा होता है। इंडी फिल्मों में भी एक तरह का बिज़नेस होता है, और हर कहानी को बड़े चेहरे की ज़रूरत नहीं होती। ऐसे कलाकारों को लेना ज्यादा समझदारी है जो भरोसेमंद हों और बजट पर भी भारी न पड़ें।

उन्होंने कहा, बात किसी की काबिलियत कम करने की नहीं है, बल्कि ये समझने की है कि यदि 2026 में इंडी फिल्मों को टिकना है, तो हमें सीखना होगा कि दर्शक अच्छी कहानियां और सच्चे कलाकार देखना चाहते हैं, बिना बजट पर ज़्यादा बोझ डाले।

ऋचा ने यह भी कहा कि इंडिपेंडेंट सिनेमा की पहचान हमेशा से रिस्क लेने, सच्चाई और मज़बूत कहानी कहने में रही है। लेकिन जब कास्टिंग सिर्फ "मार्केट वैल्यू" को देखकर की जाती है, तो ये मूल बातें कमजोर पड़ जाती हैं। इंडी फिल्में नए टैलेंट एक्टर्स, राइटर्स और टेक्नीशियंस – को सामने लाने के लिए होती हैं, जो अपने काम में ताज़गी और सच्चाई लाते हैं। जब फिल्ममेकर्स 'कमर्शियल वैल्यू' के नाम पर कास्टिंग में समझौता करते हैं, तो फिल्म अपनी आत्मा खो देती है।

उन्होंने कहा, 1980 के दशक में इंडी सिनेमा बहुत मजबूत था और फारूक शेख, अमोल पालेकर, शबाना आज़मी जैसे कलाकार अपने आप में बड़े नाम थे। आज वो स्पेस लगभग खत्म हो गया है। यदि पूरी इंडस्ट्री कुछ गिने–चुने बड़े मेल एक्टर्स के सहारे बैठी रहेगी, तो फिल्मों की संख्या भी कम हो जाएगी।

मुख्यधारा और इंडी सिनेमा दोनों में सफलतापूर्वक काम कर चुकी ऋचा ने जोर देकर कहा कि आज के समय में असली पहचान लेबल से नहीं, बल्कि परफॉर्मेंस से बनती है। उन्होंने फिल्ममेकर्स से अपील की कि वे ऐसे टैलेंट को मौका दें जो सच में कहानी को बेहतर बना सके चाहे वह नया हो या अनुभवी, लेकिन फिल्म के विज़न के साथ ईमानदारी से जुड़ा हो।

# विजय देवरकोंडा ने मिलया शौर्ययुव संग हाथ, फर्स्ट लुक पोस्टर में दिखा दमदार अंदाज

साउथ स्टार विजय देवरकोंडा और निर्देशक शौर्ययुव एक ऐसे प्रोजेक्ट के लिए साथ आए हैं जो बड़े स्केल, ऊंचे इरादों और ग्लोबल सिनेमा की तरफ एक साहसी कदम का इशारा देता है। हाल ही में इस प्रोजेक्ट का अनाउंसमेंट पोस्टर रिलीज किया गया है।

पोस्टर में विजय देवरकोंडा को लोहे की जंजीरों से बंधे चार कुत्तों के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाया गया है, जबकि उनके पीछे 6–7 आदमी चल रहे हैं। यह पोस्टर सिर्फ एक फिल्म का ऐलान नहीं है, बल्कि यह उस चीज को बनाने के बारे में है जो तभी मुमकिन है जब ये सब एक साथ आएं।



टीम ने श्दैट्स ए रोरश नाम से एक थीम सॉन्ग भी जारी किया है। यह गाना इस बारे में है कि जिंदगी आपके सामने कैसी भी मुश्किलें क्यों न खड़ी कर दे, आपको हार नहीं माननी है। यह दिखाता है कि कैसे एक इंसान दर्द, संघर्ष और नाकामियों का सामना करने के बावजूद फिर से खड़े होने और आगे बढ़ने का फैसला करता है।

यह कहता है कि ताकतवर होने के लिए आपको नाम या शोहरत की जरूरत नहीं है, असली ताकत कभी हार न मानने में है। जब आप मुश्किल वक्त में भी एक छोटा कदम बढ़ाते हैं, तो वही आपकी असली श्दहाड़श है।

यह प्रोजेक्ट एक पैरेलल माइथोलॉजिकल यूनिवर्स में सेट है। एक ऐसी दुनिया जो प्राचीन तो लगती है पर पूरी तरह काल्पनिक है। यह जानी–पहचानी होते हुए भी एकदम नई और ओरिजिनल है। यह पौराणिक कथाओं की आत्मा से जुड़ी है लेकिन उनकी सीमाओं में बंधने से इनकार करती है। यह एक ऐसा धमाका है जो उम्मीदों को आसमान पर ले जाता है।

टीम में बड़े ग्लोबल नामों के जुड़ने से विजय देवरकोंडा और शौर्ययुव दुनिया भर में छा जाने के लिए तैयार हैं और इस प्रोजेक्ट की हर एक चीज एकदम किलर लग रही है। विजय देवरकोंडा भारतीय सिनेमा के सबसे डायनेमिक और उभरते हुए सितारों में से एक हैं, जो हमेशा अलग और चुनौतीपूर्ण विषय चुनने के लिए जाने जाते हैं। इस फिल्म के साथ वो एक ऐसी जगह कदम रख रहे हैं जो इमोशनली गहरी और विजुअली काफी ग्रैंड है, जो उनके सफर में एक बड़ा बदलाव है।

शौर्ययुव, जिन्होंने अपनी फिल्म श्हाय नन्नाश से तेलुगु दर्शकों का दिल जीता था, अब अपनी सोच को एक ऐसी कहानी के साथ बड़े लेवल पर ले जा रहे हैं जो गहराई और भव्यता दोनों का वादा करती है। यह फिल्म उनके पिछले काम से बिल्कुल अलग है, जो सीमाओं से परे जाकर कहानियां सुनाने के उनके इरादे को दिखाती है। वायरा के बैनर तले बन रहा यह अभी तक बिना नाम वाला प्रोजेक्ट दुनिया भर के बेहतरीन क्रिएटिव लोगों को एक साथ लाता है।